हिन्दी दैनिक

# आवाज प्लस

RNI. NO.: UPHIN/2008/25919

समाज में प्रभावी आगाज़

93356 93356 /dainikawazplus www.awazplus.com

वर्ष : 01, अंक : 157, पृष्ठ संख्या : 8, लखनऊ। गुरुवार 28 दिसम्बर 2023 ऑफर मूल्य ₹ 3/-



UPDATE >>



स्वागतम- पेज 3

उत्तर प्रदेश में सर्दी का जबरदस्त सितम, 15 की जान गई



रिपोर्ट- पेज 7

डीएम ने जलकल विभाग के अधिकारियों को लगाई फटकार



फैशन- 8

हाइड्रा फेशियल, जो बॉलीवुड अभिनेत्रियों को देता है निखरती त्वचा

## एक नज़र

### यूपी में कोहरे की मार,सात उड़ानें रद्द

**लखनऊ।** खराब मौसम के चलते शुक्रवार को विमान सेवाओं पर तगड़ा असर पड़ा। घने कोहरे व कम दृश्यता के चलते लखनऊ आने-जाने वाली सात उड़ानें रद्द कर दी गई। वहीं, अन्य फ्लाइटें दो से चार घंटे तक लेट हुईं। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खराब मौसम के चलते इंडिगो की दिल्ली से लखनऊ की फ्लाइट (6ई 2025), बंगलूरू से सुबह 8ः35 बजे लखनऊ पहुंचने वाली उड़ान, दिल्ली से दोपहर 2 बजे आने वाली फ्लाइट व लखनऊ से बंगलूरू जाने वाली उड़ान (6ई 325) रद्द कर दी गई। इसी तरह बंगलूरू से लखनऊ की दो व दिल्ली से लखनऊ की एक उड़ान रद्द की गई। उधर, बृहस्पतिवार रात से ही पड़ रहे भयंकर कोहरे के कारण मुंबई से रात 1ः35 बजे लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट करीब 4 घंटे देरी से सुबह 5:40 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची।

### अभिनंदन हत्याकांड में दो और युवकों की तलाश

**लखनऊ।** नाका में राजेंद्र नगर पुलिस चौकी के पास बुधवार रात निजी कंपनी के कर्मचारी अभिनंदन की सरेराह हत्या के मामले में दो और युवकों का नाम सामने आया है। पुलिस अब उन दोनों की तलाश में लगी है। मामले में नामजद दो सगे भाइयों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। बलिया निवासी अभिनंदन कुमार (23) आलमबाग में किराए के मकान में रहते थे। वह राजेंद्र नगर स्थित रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट शॉप में सेल्स का काम करते थे। बुधवार रात करीब दस बजे वह स्कूटी से घर जा रहे थे। तभी राजेंद्र नगर पुलिस चौकी के पास घात लगाए हमलावरों ने उन्हें रोक लिया था। बेल्ट व डंडे से पीटने के साथ ही नुकीले सब्बल से गोद डाला था। अभिनंदन को सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी मौत हो गई थी। अभिनंदन के भाई ने नाका थाने में हत्या का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने नामजद दो सगे भाइयों बाजारखाला निवासी मोनिस और फैजल को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में दोनों ने घटना में शामिल अपने दो अन्य साथियों का नाम पुलिस को बताया है।

## 2022 के बाद से यूक्रेन पर रूस का सबसे बड़ा हवाई हमला

# 100 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, 12 की मौत

आवाज प्लस डेस्क



**कीव।** राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम मैसेंजर पर दावा किया कि रूस ने अपने शस्त्रागार में मौजूद हर चीज से हमला किया। लगभग 110 मिसाइलें दागी गई, जिनमें से अधिकांश को मार गिराया गया।

रूस और यूक्रेन के बीच बीते डेढ़ साल से ज्यादा समय से भीषण युद्ध जारी है। इस बीच, यूक्रेनी अधिकारियों ने जानकारी दी है कि रूसी सेना ने कीव में आवासीय इमारतों को मिसाइलों से निशाना बनाया है। इसमें 12 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। शहर के सैन्य प्रशासन ने बताया कि राजधानी में 10 लोग मलबे के नीचे दब गए। वहीं, गवर्नर ने बताया कि निप्रो शहर में एक प्रसूति वार्ड क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

विदेश मंत्री दिमित्री कुलेबा ने कीव के सहयोगियों से समर्थन बढ़ाने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा, %लाखों यूक्रेनी लोग आज विस्फोट के धमाकों से जाग उठे हैं। मैं चाहता हूं कि यूक्रेन में विस्फोटों की ये आवाजें पूरी दुनिया में सुनी जाएं।% यह हमला साल के अंत में ऐसे समय में हुआ है, जब रूस के साथ युद्ध में करीब दो साल बाद भविष्य में पश्चिम की ओर से सेना और वित्तीय मदद को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम मैसेंजर पर कहा, %रूस ने अपने शस्त्रागार में मौजूद हर चीज से हमला किया। लगभग 110 मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से अधिकांश को मार गिराया गया।

निप्रो पेत्रोव्स्क के मध्य इलाके में पांच लोग मारे गए, जहां मिसाइलों ने एक शॉपिंग सेंटर, एक घर और एक छह मंजिला आवासीय इमारत को निशाना बनाया। मेयर विताली क्लित्स्को ने बताया कि कीव के एक गोदाम में एक व्यक्ति के मारे जाने की पुष्टि हुई है। एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बताया कि आवासीय इमारतें और एक निर्जन (जिस पर कोई इंसान न रहता हो) इमारत भी इसकी चपेट में आ गई। क्षेत्रीय गवर्नर ने बताया कि काला सागर के बंदरगाह शहर ओडेसा में आवासीय इमारतों पर मिसाइलों के हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और दो बच्चों सहित कम से कम 15 लोग घायल हो गए।

### युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे बड़ा हमलाः यूक्रेनी वायुसेना कमांडर



वायुसेना कमांडर माइकोल ओलेशचुक ने टेलीग्राम मैसेंजर पर इसे 2022 में रूस के आक्रमण के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला करार दिया। वहीं सेना प्रमुख जनरल वैलेरी जालुझनी ने कहा कि हमले में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे, औद्योगिक और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया। रूस की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। ऊर्जा मंत्रालय ने दक्षिणी ओडेसा, पूर्वोत्तर खार्किव, मध्य निप्रो पेत्रोव्स्क और मध्य कीव के क्षेत्रों में बिजली कटौती की जानकारी दी। यूक्रेन कई हफ्तों से चेतावनी दे रहा है कि रूस देश की ऊर्जा प्रणाली पर बड़ा हवाई हमला करने के लिए मिसाइलों का भंडारण कर सकता है। पिछले साल लाखों लोग अंधेरे में डूब गए थे, जब रूसी बलों ने पावर ग्रिड पर हमला किया था।

### लविव और खार्किव में दो की मौत, स्कूलें क्षतिग्रस्त

राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि नाटो सदस्य पोलैंड की सीमा से लगे लविव क्षेत्र में एक अज्ञात महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर मिसाइल हमले का प्रभाव देखा गया है। क्षेत्रीय गवर्नर ने बताया कि लविव शहर में एक क्षतिग्रस्त बहुमंजिला आवासीय इमारत में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मेयर ने बताया कि तीन स्कूल और एक किंडरगार्टन भी क्षतिग्रस्त हुआ है। क्षेत्रीय गवर्नर ने बताया कि पूर्वोत्तर शहर खार्किव में मिसाइल हमले में एक गोदाम, औद्योगिक सुविधा, एक चिकित्सा सुविधा और एक परिवहन डिपो क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। गृह मंत्री ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी शहर जपोरिझिया में कई बुनियादी सुविधाओं पर मिसाइलें दागी गईं और एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### महाकुम्भ से पहले रोडवेज में शामिल होंगी पांच हजार इलेक्ट्रिक बसें, प्रदेश में बनेंगे 150 चार्जिंग स्टेशन

**लखनऊ।** महाकुम्भ पर हजारों तीर्थयात्रियों की आवाजाही को देखते हुए परिवहन निगम प्रशासन आठ हजार बसों को बेड़े में शामिल करने की तैयारी कर रहा है। इसमें पांच हजार बसें इलेक्ट्रिक होंगी। इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। दरअसल, परिवहन निगम प्रशासन का पूरा फोकस बेड़े को पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से तैयार करना है। फिलहाल रोडवेज बसों के बेड़े में करीब 12 हजार बसें हैं। इसमें उम्र पूरी कर चुकी बसों को क्रमबद्ध ढंग से बाहर किया जा रहा है। वहीं डीजल के साथ इलेक्ट्रिक बसों को बेड़े में जोड़ने की कवायदें भी की जा रही हैं। इसी क्रम में अगले साल महाकुम्भ से पहले नई बसों को निगम में शामिल कर यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि की तैयारियां की जा रही हैं। निगम के अफसरों ने बताया कि कुल आठ हजार बसों को रोडवेज के बेड़े में जोड़ा जाना है। इसमें पहले चरण में पांच हजार बसों को शामिल किया जाएगा। इसमें तीन हजार इलेक्ट्रिक बसें व दो हजार डीजल बसें होंगी। इसके बाद अगले चरण में तीन हजार अनुबंधित बसों को भी बेड़े में शामिल किया जाएगा।

## राजस्थान के मंत्रिमंडल विस्तार आज

# सीएम भजनलाल के बाद अब प्रदेशाध्यक्ष जोशी को भी दिल्ली बुलाया

आवाज प्लस डेस्क



**जयपुर।** राजस्थान में शनिवार को मंत्रिमंडल विस्तार किए जाने की तैयारी है। राजभवन की तरफ से भी तैयारियां की जाने लगी हैं। इधर, सीएम भजनलाल और बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को शुक्रवार शाम ही दिल्ली बुला लिया गया है।

राजस्थान में बहुप्रतिक्षित मंत्रिमंडल का विस्तार कल हो सकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और बीजेपी अध्यक्ष सीपी जोशी को मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले विधायकों के नामों और उनके पोर्टफोलियो पर चर्चा के लिए दिल्ली बुला लिया गया है। शुक्रवार को सीएम भजनलाल शर्मा का राजभवन जाने का कार्यक्रम था। लेकिन फिर उन्हें अचानक दिल्ली से फोन कर बुला लिया गया। शनिवार दोहपर तीन बजे मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। बता दें कि राजस्थान में तीन दिसंबर को विधानसभा चुनावों के नतीजे आ गए। 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। उनके साथ दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। लेकिन इसके बाद मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अटकलें चलती रहीं। इससे पहले की सरकारों में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कभी भी इतना समय नहीं लगा। बताते चलें, पिछली गहलोत सरकार में 11 दिसंबर को नतीजे आए। 17 को सीएम और डिप्टी सीएम की शपथ हुई। इसके बाद 24 को मंत्रिमंडल विस्तार और 27 को विभागों का बंटवारा कर दिया गया था। लेकिन इस बार विस्तार को लेकर इतना ज्यादा समय लग रहा है। इसके पीछे की बड़ी वजह विधायकों का अनुभव हीन होना बताया जा रहा है। वहीं, जिन विधायकों के पास पूर्व में सत्ता में रहने का अनुभव है, वे कहीं न कहीं वसुंधरा राजे के खेमे से जुड़े हैं। यही वजह है कि बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व को राजस्थान का मंत्रिमंडल निर्धारण करने में इतना ज्यादा समय लग रहा है। जबकि छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भी राजस्थान के साथ ही चुनाव परिणाम आए थे। वहां पर मंत्रिमंडल विस्तार किया जा चुका है। बता दें कि जीत के बाद बीजेपी आलाकमान ने 12 दिसंबर को सांगानेर से पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री घोषित किया था। इसके बाद 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पद व गोपनीयता की शपथ ली थी, लेकिन दो बार दिल्ली जाने के बाद भी मंत्रिमंडल में देरी पर सवाल उठ रहे थे। लेकिन, अब तस्वीर हो गई है कि राजस्थान में मंत्रिमंडल विस्तार कब होगा?

# 26/11 अटैक के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की तैयारी में भारत

आवाज प्लस डेस्क



**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग की है। दरअसल, हाफिज सईद 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों सहित विभिन्न आतंकवादी हमलों के लिए वांटेड है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि आतंकवादी के प्रत्यर्पण की मांग करने वाले कुछ दस्तावेजों के साथ अनुरोध हाल ही में इस्लामाबाद भेजा गया है। बागची ने अपने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि हाल ही में प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध भेजा गया था। मालूम हो कि सईद संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी है।

हाफिज सईद को सौंपने के लिए पाकिस्तान के प्रत्यर्पण अनुरोध पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, ÷संबंधित व्यक्ति भारत में कई मामलों में वांटेड है। वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी भी है। इस संबंध में, हमने प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान सरकार को एक विशेष मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया है। हम उन मामलों पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, जिन मामलों के लिए उसे वांटेड किया गया है। यह एक हालिया अनुरोध है।÷

प्रवक्ता अरिंदम बागची ने हाफिज सईद के करीबियों के चुनाव लड़ने पर कहा, ÷हमने कुछ रिपोर्ट देखी है। हालांकि, हम किसी देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं। इस तरह के संगठनों का राजनीति में आना नई बात नहीं है और ये उनकी राजनीति का हिस्सा बन चुका है। इस तरह के डेवलपमेंट से हमारी सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है। हम इस तरह के डेवलपमेंट को मॉनिटर करना जारी रखेंगे, जिससे हमारी सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता हो।

# केंद्र और असम सरकार के साथ उल्फा गुट का शांति समझौते पर हस्ताक्षर

आवाज प्लस डेस्क



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में हुई बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के गुट और केंद्र और असम सरकार के बीच त्रिपक्षीय शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस बाबत राजधानी दिल्ली में हुई बैठक में असम के सीएम हिमंता बिस्व शरमा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के डीडीपी भी मौजूद रहे। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक समझौता हुआ है। लंबे समय तक असम और पूरे उत्तर-पूर्व ने हिंसा झेली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में ही उग्रवाद, हिंसा और विवाद मुक्त उत्तर-पूर्व भारत की कल्पना लेकर गृह मंत्रालय चलता रहा है। भारत सरकार, असम सरकार और ULFA के बीच जो समझौता हुआ है, इससे असम के सभी हथियारी गुटों की बात को यहीं समाप्त करने में हमें सफलता मिल गई है। ये असम और उत्तर-पूर्वी राज्यों की शांति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि आज असम के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में असम की शांति प्रक्रिया निरंतर जारी है।

प्रतिनिधिमंडल में 16 उल्फा सदस्य और 14 लोग नागरिक समाज से शामिल हैं। इसके पहले केंद्र ने अप्रैल में वार्ता समर्थक गुट को प्रस्तावित समझौते का मसौदा भेजा था, जबकि अगस्त में नई दिल्ली में गुट के साथ चर्चा का एक और दौर आयोजित किया गया था। संगठन के महासचिव अनुप चेतिया ने कहा, शांति समझौते के लिए उल्फा के वार्ता समर्थक गुट का 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को दिल्ली पहुंच चुका है। इससे पहले, असम के मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर कहा था, समझौते पर हस्ताक्षर शुक्रवार शाम पांच बजे गृह मंत्री अमित शाह, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किए जाएंगे। अलगाववादी संगठन उल्फा का गठन अप्रैल 1979 में बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) से आए बिना दस्तावेज वाले अप्रवासियों के खिलाफ आंदोलन के बाद हुआ था। फरवरी 2011 में यह दो समूहों में विभाजित हो गया था और अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले गुट ने हिंसा छोड़ दी थी। यह गुट बिना शर्त सरकार के साथ बातचीत के लिए सहमत है। दूसरे उल्फा गुट का नेतृत्व करने वाले परेश बरुआ बातचीत के खिलाफ हैं। वार्ता समर्थक गुट ने असम के मूल निवासियों की भूमि के अधिकार समेत उनकी पहचान और संसाधनों की सुरक्षा के लिए सुधारों की मांग की है।

# राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हो सकती हैं सोनिया गांधी

आवाज प्लस डेस्क




**नई दिल्ली।** राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सोनिया गांधी शामिल हो सकती हैं. पार्टी सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होने जा रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कांग्रेस के कई नेताओं को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। हालांकि,अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है कि राम मंदिर में होने वाले कार्यक्रम में कौन-कौन से कांग्रेस नेता शामिल होंगे। कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर ऐसा फैसला किया है, ऐसी संभावना जताई जा रही है। इससे पहले कांग्रेस ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पार्टी के शीर्ष नेताओं के शामिल होने या न होने के बारे में बृहस्पतिवार को अपना रुख स्पष्ट नहीं किया था। हालांकि पार्टी ने कहा कि वह निमंत्रण के लिए आभारी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व प्रमुख सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है. सूत्रों ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने उन्हें निमंत्रण भेजा है. कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल से संवाददाता सम्मेलन में पूछा गया कि क्या पार्टी नेता समारोह में शामिल होंगे, इसपर उन्होंने कहा था कि आपको पार्टी के रुख के बारे में पता चल जाएगा. आपको शिरकत के बारे में 22 जनवरी को पता चल जाएगा। विपक्ष के कई नेताओं ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने पर अपना रुख साफ कर दिया है. लेफ्ट के ज्यादातर नेताओं ने 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम से शामिल होने से इनकार कर दिया है. वहीं, कांग्रेस के ज्यादातर नेताओं ने कार्यक्रम में शामिल होने का लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

# अयोध्या में 15700 करोड़ की 46 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## अयोध्या से मिलेगी जम्मू से लेकर कोयम्बटूर तक को बेहतर कनेक्टिविटी की सौगात

❖ अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन, जनसभा को करेंगे संबोधित। अयोध्या धाम जंक्शन से 6 वंदे भारत और 2 अमृत भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

संजीव श्रीवास्तव/आवाज प्लस



**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या आ रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी 15,700 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। यही नहीं श्रीराम की नगरी से देश के विभिन्न शहरों के लिए भी सौगातों का पिटारा खुलेगा। पीएम मोदी देश के अलग अलग स्टेशनों से संचालित होने वाली 6 वंदे भारत और 2 अमृत भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसी के साथ 30 दिसंबर 2023 की तिथि अयोध्या के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो जाएगी और भगवान श्रीराम की नगरी में विकास के नया युग का शुभारंभ होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। साथ ही श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली, अमृतसर-नई दिल्ली, कोयम्बटूर-बेंगलुरु, मंगलुरु-मडगांव, जालना-मुंबई एवं अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल के बीच 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के साथ ही अयोध्या-दरभंगा एवं मालदा टाउन-बेंगलुरु के बीच 2 अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

### लोकार्पित होने वाली अन्य प्रमुख परियोजनाएं

- अमेठी के त्रिसुंडी रिफाइनरी की 11 टीएमटीपीए से 60 टीएमटीपीए तक क्षमता उच्चीकरण
- जाजमऊ टेलरी कलस्टर के लिए 20 एमएलडी सीईटीपी की स्थापना
- कानपुर के पनखा में 30 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का विकास
- जाजमऊ जोन में 130 एमएलडी एसटीपी का पुनर्विकास तथा सीवेज ट्रीटमेंट अवस्थापना सुविधाओं का पुनर्विकास
- एनएच-330 ए का जगदीशपुर-फैजाबाद खंड
- एनएच-730 के खुटार-लखीमपुर खंड के किमी 82 से किमी 140 तक का सुदृढीकरण एवं उच्चीकरण
- एनएच- 233 के गोसाई का ताज़ार बाईपास (किमी 240.340) से वाराणसी (किमी 299.350) तक फोर लेन
- जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत चार खंडों का दोहरीकरण
- मल्हौर-डालीगंज रेलखंड का विद्युतीकरण के साथ दोहरीकरण
- राम पथ (सहादतगंज से नया घाट तक)
- भक्ति पथ (अयोध्या मुख्य मार्ग से हनुमान गढ़ी होते हुए श्री राम जन्मभूमि तक)
- धर्म पथ (एनएच-27 से नया घाट पुराने पुल तक)
- राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
- एनएच-27 बाईपास महोबरा बाजार होते हुए टेढ़ी बाजार श्रीराम जन्मभूमि तक 4 लेन सड़क
- महर्षि अरुंधति पार्किंग एवं व्यावसायिक संकुल (पूर्वी एवं पश्चिमी)
- सहादतगंज- नया मार्ग घाट-श्री राम जन्मभूमि तक सड़क
- कलेक्ट्रेट में लक्ष्मण कुंज स्मार्ट वाहन बहुमंजिला पार्किंग
- सोहावल क्षेत्र के ग्रामसभा-पिखरौली में सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट
- अमानीगंज में वाहन पार्किंग एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स
- बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर उपरिगामी सेतु
- अयोध्या-सुलतानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-330 से एयरपोर्ट तक 4 लेन सड़क

### कपकपाती शीतलहरी हवाओ में आम जनमानस परेशान
## नहीं जले सरकारी अलाव



रमाशंकर शुक्ला/आवाज प्लस

**रायबरेली।** पहाड़ों पर हो रही बारिश व बर्फबारी के कारण बढ़ी ठंडक ने मैदानी इलाकों में कहर ढाना शुरू कर दिया है कड़ाके की ठंड इंसानों के साथ-साथ बेजुबान जानवरों पर भारी पड़ रही है ठंड की चपेट में आकर गौशाला में चार गोवंशों ने दम तोड़ दिया और आधा दर्जन से अधिक गोवंश बीमार हो गए हालांकि जिला प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए गौशाला में ठंड से निपटने व उनके खाने पीने की पूरी व्यवस्था कराई जाने के सख्त निर्देश दिए है। मामला नगर पंचायत परशदेपुर में बने कान्हा गोशाला का है जहां में भीषण ठंड के चलते 4 गोवंशों की मौत हो गई और आधा दर्जन से अधिक गोवंश बीमार हो गए, हालांकि गोवंशों की मौत से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और कुछ सभासद वहां धरने पर बैठ गए मामले का संज्ञान लेते हुए जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने गौशालाओं में गोवंशों को ठंड से निपटने व उनके खाने-पीने की पूरी व्यवस्था के साथ साथ साफ सफाई के लिए सख्त निर्देश दिए हैं।

## एक नज़र

### नूरुलहसन बाबा देखने इरा पहुँचे शिवपाल यादव

संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल यादव आज को 10 बजे दिन में इरा अस्पताल, हरदोई रोड, लखनऊ पर पूर्व पार्षद नूरुलहसन बाबा को देखने जायेगें। नूरुलहसन बाबा 2016 तक पार्षद रहे, 1995 में प्रथम बार नेताजी सुभाषचन्द्रबोस वार्ड से चुनाव जीत कर प्रथम बार पार्षद बने, क्षेत्र में अपने द्वारा किये गये कार्यो के कारण दुबारा फिर 1999 में चुनाव जीते, 2012 में अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाया, इनकी पत्नी सहर पार्षद बनी। क्षेत्र में 15 वर्ष काम करने का इनको मौक़ा मिला। पार्षद न रहते हुए भी समाजवादी पार्टी के शुरु से सक्रिय व कर्मठ कार्यकर्ता है। नूरुलहसन बाबा कुछ बिमारी के कारण इरा अस्पताल में पिछ्ले 20 दिनों से भर्ती है, जिनको देखने आज शिवपाल यादव और समाजवादी पार्ट्टी के कई कार्यकर्ता पहुँचे।

### कुकरी के क्षेत्र में लखनऊ की नीलिमा कपूर को भारत गौरव रत्न श्री सम्मान



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की नीलिमा कपूर को कुकरी कंसलटेंट एण्ड सेलिब्रिटी शेफ के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिये भारत गौरव रत्न श्री सम्मान से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा प्रमाणित यह सम्मान भारत गौरव रत्न श्री सम्मान परिषद ने यहां अशोका होटल, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया। इस मौके पर कई प्रमुख लोगों की मौजूदगी में सम्मानित होने वाली श्रीमती नीलिमा कपूर की पाक कला क्षेत्र में उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला गया। इस उपलब्धि से लखनऊ का मान बढ़ाने वाली श्रीमती कपूर बीते 40 से अधिक वर्षों से लखनऊ में प्रेरक शक्ति के रूप में कपूर्स कुक एण्ड बेक इंस्टीट्यूट में कुकरी और बेकरी में प्रशिक्षण दे रही है। इसके अलावा उनकी विशेषज्ञता उनके संस्थान से परे फैली हुई है, जिसमें प्रमुख रसोई उपकरण कंपनियों के लिए परामर्श, शीर्ष प्रकाशनों में कॉलम, विश्वविद्यालयों में कार्यशालाएं और एक न्यायाधीश और सेलिब्रिटी शेफ के रूप में भूमिकाएं शामिल हैं। कई पुरस्कारों के बावजूद भारत के सम्मान परिषद से भारत गौरव रत्न उनके अद्वितीय कौशल की सर्वोच्च पहचान के रूप में खड़ा है। श्रीमती नीलिमा कपूर का प्रभाव न केवल लखनऊ में बल्कि पूरे देश में है, जिससे उन्हें अपने छात्रों और शहर से समान रूप से प्रशंसा और गौरव प्राप्त होता है।

### लंबित प्रस्तावों के सापेक्ष धनावंटन की करें जिलाधिकारी मनोज कुमार



भारत सिंह/आवाज प्लस डेस्क

**बदायूँ।** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के नियम 17 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीट्रिंग समिति की बैठक जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में बिसौली विधायक आशुतोष मौर्या, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेई सभागार में संपन्न हुई। अनुसूचित जाति अत्याचार उत्पीड़न योजनाअंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में कुल 103 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें से 54 प्रकरणों में आर्थिक सहायता 81.19 लाख प्रदान की गई है, शेष 49 प्रस्तावों में धनावंटन होते ही आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम को निर्देशित किया गया कि लंबित प्रस्तावों के सापेक्ष धनावंटन की मांग की जाए और और शीघ्र ही पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा बैठक निश्चित अंतराल पर आयोजित कराई जाए।

### नाथू गुप्ता बने रेलवे बोर्ड के सदस्य, खुशी



सत्यम गैर/आवाज प्लस डेस्क

**संसू मेजारोड।** रेलवे बोर्ड द्वारा सहायक वाणिज्य प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा मेजारोड निवासी भारतीय जनता पार्टी के यमुनापार जिला मंत्री कृष्णदास गुप्ता ÷नाथू÷ को उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज (इरादतगंज) का समिति के सदस्य पर नामित किया गया है। श्री गुप्ता रेलवे स्टेशन की व्यवस्था पर नजर रखते हुए, सुधार पर अपनी सलाह देंगे। रेलवे सलाहकार (परामर्शदात्री) सदस्य के रूप में नामित कृष्णदास गुप्ता नाथू ने कहा कि इस दायित्व के लिए उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। उन्होंने ने कहा कि भारतीय रेल देश की लाइफ लाइन है। इसके जरिए राष्ट्र की यातायात व्यवस्था व्यवस्थित है। यात्रियों की यात्रा सुखद बनी रहे, इसके लिए रेलवे विभाग सजग रहता है, जिसमें रेलवे बोर्ड से जुड़ी कई समितियां काम करती है। श्री गुप्ता के मनोनयन पर उनके सहयोगियों ने बधाई दी है।

## दिसम्बर महिने का आखिरी सप्ताह प्यार और विश्वास का संदेश देता: अध्यक्ष ओम सेठ

आवाज प्लस डेस्क



**आगरा।** सैंट पीटर्स कॉलेज ओल्ड बॉय्ज़ असोशिएशन के आद्यक्ष ओम सेठ के नेतर्त्व मे असोशिएशन के पदाधिकारिओं ने स्कूल के प्रिन्सिपल फ्र भास्कर येशुराज, जूनियर विंग की इंचार्ज सिस्टर , मैनेजर फ्र मिरण्डा और पूर्व प्रिन्सिपल फ्र एंड्रू कोरिया से मुलाक़ात कर क्रिसमिस और नूतन वर्ष 2024 की शुभकामनायें दीं। ओम सेठ जो 1950 के दशक के छात्र रहे हैं, अपने स्कूल के दिनों को याद कर बदलते परिवेश पर चर्चा की। दिसम्बर महिने का आखिरी सप्ताह प्यार और विश्वास का संदेश देता है। स्कूल 175 साल से भी पुराना है,पूर्व छात्रों का कुनबा बहुत बड़ा है। मुलाक़ात करते हुए सैंट पीटर्स कॉलेज ओल्ड बॉय्ज़ एसोशिएशन के अध्यक्ष ने कहा के नई शिक्षा नीति में, पुराने छात्र स्कूल के आज के छात्रों के विकास के लिए अपने अनुभावों को साझा कर दिशा निर्देश दे सकते हैं। स्कूल के बहुत से पूर्व छात्र देश विदेश में स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। उनके साथ के तो रिटायरमेंट के बाद, स्कूल से दुबारा जुड़ना चाहेंगे। पिछले एक दो साल मे उनके प्रयास से कई पूर्व छात्र जुड़े हैं। माइंडट्री के संस्थापक अशोक सुटा स्कूल के पूर्व छात्र हैं और स्कूल से उन्होंने दुबारा संपर्क किया है। सैंट पीटर्स कॉलेज के छात्र भारत सरकार और कॉरपोरेट वर्ल्ड में स्कूल का परचम लहरा रहे हैं। एसोसिएशन की कोशिश रहेगी के 2024 में ज्यादा से ज्यादा पूर्व छात्रों को बुला कर अभी पढ़ रहे छात्रों से संवाद करवाया जाए। मुलाक़ात करने वालों मे अध्यक्ष के अलावा सीनियर उपाध्यक्ष अनिल शर्मा , कोषाध्यक्ष सी ए नितेश गुप्ता, प्रोग्राम को-ओरडीनटोर डॉ समीर कुमार और मीडिया समन्वयक अमित खत्री उपस्थित रहे।

## बदायूँ क्लब में हुआ दो दिवसीय मिलेटस महोत्सव का शुभारंभ

भारत सिंह/आवाज प्लस डेस्क




**बदायूँ।** 29 दिसम्बर को रार्ष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (न्यूट्रीसीरियल घटक)/मिलेट पुनरोद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत जनमानस को मिलेट के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देशन में दो दिवसीय मिलेटस महोत्सव एवं मिलेट रेसिपी कार्यक्रम शुक्रवार से बदायूँ क्लब बदायूँ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिल्सी विधायक हरीश शाक्य व मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार द्वारा किया गया। मेले में आमजन में मोटे अनाज के प्रति रुझान देखा गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर राजकीय विभाग, निजी संस्थाऐं द्वारा अपने स्टॉल प्रदर्शित किये गये। कार्यक्रम में नैना स्वीट्स, श्री मुनि स्वीट्स, दादी की रसोई, श्याम मोहन कैटर्स, चटोरे रेस्टोरेन्ट एण्ड कैफे, समृद्धि कृषि उत्पाद संगठन गदरपुर, पार्वती कन्या इण्टर कालेज, राजाराम महिला इण्टर कालेज, सिंगलर मिशन गर्ल्स इण्टर मीडिएट कालेज, नगर पालिका कन्या इण्टर कालेज एवं केदारनाथ महिला इण्टर कालेज बदायूँ द्वारा मिलेट्स (मोटा अनाज) पर आधारित स्टॉल प्रदर्शित किये गये। कार्यक्रम में पार्वती कन्या इण्टर कालेज, राजाराम महिला इण्टर कालेज, सिंगलर मिशन गर्ल्स इण्टर मीडिएट कालेज, नगर पालिका कन्या इण्टर कालेज एवं केदारनाथ महिला इण्टर कालेज बदायूँ के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन आनन्द चौहान द्वारा किया गया। अन्त में उप कृषि निदेशक मनोज कुमार द्वारा उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों का अभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक एवं राजेश्वर सिंह पटेल, जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, डी0सी0 मनरेगा, अग्रणी प्रबन्धक पंजाव नेशनल बैंक, प्रभारी अधिकारी रेशम, जिला उद्यान अधिकारी, कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, शिशिर उपाध्याय, चेतन प्रताप भानु सिंह, जयलोक, प्रदीप, संतोष शर्मा, सुमेश बाबू उपस्थित रहे।

## विंध्याचल को हरा कर लखनपुर ने फाइनल बाजी की अपने नाम



सत्यम गैर/आवाज प्लस डेस्क

**संसू मेजारोड।** मेजारोड के बक्कुन्दा गाँव में चल रहे क्रिकेट लीग मैच में आज सेमीफाइनल व फाइनल खेला गया, सेमीफाइनल मुकाबले में सुल्तान इलेवन गंगा पार बनाम लखनपुर भद्रराव मैच खेला गया, जिसमे लखनपुर ने मुकाबला अपने नाम कर, फाइनल विंध्याचल को भी रौंद लखनपुर भद्रराव फाइनल विजेता बनी। मैच समापन करने आई पूर्व विधायक मेजा नीलम उदय भान करवरिया व कमेटी के अध्यक्ष सबल तिवारी ने सभी खिलाड़ियों का अभिवादन किया। मैच के दौरान पण्डित नित्यानंद उपाध्याय, सिद्धान्त तिवारी, राहुल मिश्रा, बुलबुल तिवारी, विजयकान्त मिश्रा, राजबल्लभ तिवारी, अनुराग द्विवेदी, रजत टिवती आदि मौजूद रहे

# निरीक्षण: जलते नहीं मिले अलाव

## जिलाधिकारी मनोज कुमार नाराज़

भारत सिंह/आवाज प्लस डेस्क



**बदायूँ।** जिलाधिकारी मनोज कुमार ने परियोजना अधिकारी डूडा के साथ देर रात शहर में घूमकर जिला महिला चिकित्सालय व रोडवेज बस स्टैंड के रैन बसेरों, प्राईवेट बस स्टैण्ड स्थित शेल्टर होम व रेलवे स्टेशन पहुंचकर अलाव सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिला महिला चिकित्सालय, रोडवेज बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर अलाव जलते न मिलने पर डीएम ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि तत्काल अलाव जलवाए जाएं। जिला महिला चिकित्सालय के रैन बसेरे में अलाव न होने के साथ रैन बसेरे व उसके सामने गंदगी मिलने पर सम्बंधित जिम्मेदार को चेतावनी देने के निर्देश दिए हैं। रोडवेज बस स्टैंड के रैन बसेरे में चादरे गंदी मिली और अलाव भी जलता न नहीं मिला। डीएम ने यात्रियों के लिए कम्बल, चादर व अलाव सहित सभी सुविधाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के दृष्टिगत जनपद में विभिन्न चौराहों व महत्वपूर्ण स्थलों पर अलाव की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि ठंड को देखते हुए और अलाव की व्यवस्था चलती रहे। उन्होंने कहा कि ठंड से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के गत निराश्रित एवं असहाय के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के रैनबसेरों व अलाव की व्यवस्था की गई है।

डीएम ने निर्देश दिए कि शहर के सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाए जाएं। इसकी व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण होता रहे। उन्होंने मौजूद लोगों से व्यवस्थाओं के सम्बंध में जानकारी ली। यात्रियों के लिए ठहरने की व्यवस्था देखी। डीएम ने निर्देश दिए कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि जनमानस की जानकारी के लिए बस स्टैण्ड एवं रेलवे स्टेशन आदि सार्वजनिक स्थानों पर रैनबसेरों में निःशुल्क ठहरने की फ्लैक्सी लगवाई जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए, शैल्टर होम व रैन बसेरों में निःशुल्क ठहरने के लिए उचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि ठहरने वाले लोगों को पंजीकृत किया जाए व उनके फीडबैक हेतु रजिस्टर रखवाया जाए।

## भीषण शीतलहर में भी अलाव की व्यवस्था नहीं
## ठंड में ठिठुर रहे हैं लोग



सत्यम गैर/आवाज प्लस डेस्क

**मेजारोड, प्रयागराज।** क्षेत्र में घने कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दिया है। पिछ्ले तीन-चार दिनों से कड़ाके की ठंड व कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित हो गया है। ऐसे में तहसील प्रशासन का अलाव व्यवस्था पूरी तरीके से धड़ाम हो चुका है। मेजारोड बाजार सहित अन्य जगहों पर भी अलाव की व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते आवागमन करने वाले राहगीर भी ठंड से सिकुड़ते हुए नज़र आए। ठंड से बचने के लिए स्थानीय लोगों ने स्वयं से अलाव की व्यवस्था कर अपने आप को ठंड से बचने की कोशिश में लगे रहे।सूबे की योगी सरकार के फरमानों की तहसील प्रशासन धज्जियां उड़ाती दिखाई दे रही है। बुधवार देर रात से ही मेजा क्षेत्र में घने कोहरे ने डेरा डाल रखा है गुरूवार को दिनभर सूर्य के दर्शन नहीं हुए तो वहीं शुक्रवार को भी सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुआ। कोहरे के चलते गाडियों की रफ्तार धीमी रही।

# उत्तर प्रदेश में सर्दी का जबरदस्त सितम, 15 की जान गई

# लखनऊ में घने कोहरे का रेड अलर्ट



संजीव श्रीवास्तव/आवाज प्लस डेस्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लंबी प्रतीक्षा के बाद आई सर्दी ने अब सितम ढाना शुरू कर दिया है। राज्य के अधिकांश हिस्से कोहरे की चपेट में हैं। कोहरे के कारण बीते 24 घंटों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 15 लोगों की मौत हो गई। दर्जन भर से अधिक घायल हुए हैं। गलनभरी हवा ने लखनऊ समेत कई जिलों में दिन का तापमान सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस तक गिरा दिया गया है। छह डिग्री सेल्सियस के साथ बिजनौर में नजीबाबाद यूपी का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम विभाग ने शनिवार की सुबह व रात में प्रदेश के कई जिलों में बहुत घना कोहरा छाया रहने का रेड अलर्ट जारी किया है। पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को कोहरे की चादर ने ढक दिया है। खराब मौसम के चलते ही उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी का हेलीकॉप्टर मथुरा नहीं उतर सका। उन्हें आगरा से एक्सप्रेस वे के रास्ते मथुरा जाना पड़ा। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय के मुताबिक शनिवार तक पश्चिमी विक्षोभ आ जाएगा। हल्के बादल छाए रहेंगे। नए साल के पहले दिन हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। गुरुवार रात के अलावा शुक्रवार दिन में 11 बजे तक कोहरा छाया रहा। गोंडा में तीन, सीतापुर, बाराबंकी, मेरठ, सहानपुर में दो-दो, बरेली, प्रयागराज, बिजनौर और बागपत में एक-एक की कोहरे के कारण हुए हादसों में मौत हो गई है। मेरठ में शुक्रवार देर शाम परीक्षितगढ़ मवाना मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, तीसरा युवक घायल हो गया। सहारनपुर के सरसावा में बाइक सवार युवक को कैंटर ने कुचल दिया। नानौता में साइकिल से जा रहे व्यक्ति को ट्रक ने रौंद डाला। नानौता में ही रोडवेज की बस हाईवे किनारे खाई में उतर गई। बिजनौर के धामपुर में शुक्रवार तड़के एक युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई। हापुड़ में गुरुवार रात मेरठ-बदायूं हाईवे पर फिर छह वाहन भिड़ने से कई लोग घायल हो गए। बागपत के रोशनगढ़ गांव के पास गैस सिलेंडर लदे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पुत्री गंभीर घायल हो गई। मुरादाबाद में शुक्रवार इस सीजन का पहला ऐसा दिन रहा, जब धूप के बिल्कुल दर्शन नहीं हुए। दिन के तापमान में और गिरावट के साथ कोल्ड डे के हालात बन गए। गुरुवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री रिकार्ड किया गया जो शुक्रवार 16.5 डिग्री पर आ गया। यह औसत से तीन डिग्री कम रहा। रात का तापमान 10 डिग्री रिकार्ड किया गया।

## घना कोहरा छाया रहने का रेड अलर्ट

लखनऊ। मौसम विभाग ने शनिवार की सुबह व रात में प्रदेश के कई जिलों में बहुत घना कोहरा छाया रहने का रेड अलर्ट जारी किया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र से जारी बुलेटिन के अनुसार वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सीतापुर, हरदोई, फरूखाबाद, कन्नौज, लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी,शाहजहांपुर, बदायूं और आसपास के इलाकों में बहुत घना कोहरा छाया रहने के आसार हैं। जबकि प्रतापगढ़, चंदौली, बहराइच, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, रायबरेली, बागपत, मेरठ, अमरोहा, बरेली,संभल और आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाया रहने का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। सीतापुर, हरदोई, फरूखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरय्या, बिजनौर, अमरोहा, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, झांसी और आसपास के इलाकों में कोल्ड डे रहेगा यानि दिन में धूप नहीं निकलेगी। बीते चौबीस घण्टों के दौरान मेरठ मंडल में रात के तापमान में काफी कमी दर्ज की गयी।

**वंदेभारत एक्सप्रेस और भोपाल शताब्दी अगले दिन कैंट पहुंची**

**आगरा।** कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार पूरी तरह ठप कर दी है। कोहरे के चलते गुरुवार को आगरा आने वाली ट्रेन शुक्रवार को पहुंचीं। रानी कमलापति स्टेशन से नई दिल्ली जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस करीब 14 घंटे देरी से आगरा कैंट पहुंची। हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति वंदेभारत एक्सप्रेस 17 घंटे देरी से देरी से पहुंची। इसके अलावा आधा दर्जन ट्रेन ऐसी रहीं जो 16 घंटे से 18 घंटे देरी से चल रही हैं। ट्रेनों की लेटलतीफी से जहां यात्री परेशान हैं, वहीं रेलवे टिकट कैंसिल होने से दुखी है।

आगरा रेल मंडल की जनसम्पर्क अधिकारी प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि 28 दिसंबर को डाउन की शताब्दी एक्सप्रेस 29 दिसंबर को 14 घंटे लेट आगरा कैंट पहुंची। इसी तरह जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस 19 घंटे 45 मिनट, जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस 16 घंटे, नई दिल्ली-हैदराबाद तेलंगाना एक्सप्रेस 16 घंटे 20 मिनट, हजरत निजामुद्दीन-मानिकपुर उप्र संपर्कक्रांति एक्सप्रेस 12 घंटे, अमृतसर-नांदेड़ सचखंड एक्सप्रेस 10 घंटे 25 मिनट, रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस 10 घंटे, कुरुक्षेत्र-खजुराहो गीता जयंती एक्सप्रेस 16 घंटे देरी से आगरा कैंट पहुंचीं।

इसके अलावा शिवनी-फिरोजपुर पातालकोट एक्सप्रेस साढ़े नौ घंटे, रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन वंदेभारत एक्सप्रेस साढ़े छह घंटे, अंब अंधूरा स्टेशन-नांदेड़ एक्सप्रेस सात घंटे, विशाखापट्टनम-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस सवा छह घंटे, नई दिल्ली-चेन्नई तमिलनाडु एक्सप्रेस 9 घंटे 40 मिनट, कोटा-पटना एक्सप्रेस सवा 10 घंटे, नई दिल्ली-बंगलूरू कर्नाटक एक्सप्रेस पौने 11 घंटे, बंगलूरू-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस 8 घंटे 15 मिनट, आगरा कैंट-नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस 10 घंटे, विशाखापट्टनम-नई दिल्ली एक्सप्रेस पौने सात घंटे, जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस साढ़े आठ घंटे देरी से पहुंची।

चेन्नई-नई दिल्ली जीटी एक्सप्रेस आठ घंटे, नई दिल्ली-रानी कमलापति शताब्दी एक्सप्रेस सवा तीन घंटे, चेन्नई-नई दिल्ली तमिलनाडु एक्सप्रेस पौने आठ घंटे, इंदौर-बरेली एक्सप्रेस पांच घंटे, जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस पांच घंटे, मानिकपुर-हजरत निजामुद्दीन यूपी संपर्कक्रांति एक्सप्रेस 10 घंटे, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-हावड़ा एक्सप्रेस पौने नौ घंटे, हैदराबाद-नई दिल्ली तेलंगाना एक्सप्रेस सवा आठ घंटे, हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति वंदेभारत एक्सप्रेस 10 घंटे देरी से आगरा कैंट पहुंचीं।

## एक नज़र

### मानवाधिकार जनसेवा परिषद द्वारा एकत्रित पूजित, मूर्तियों का सम्मानजनक विसर्जन



**आवाज प्लस डेस्क**

**लखनऊ।** दीपावली पर लगभग हर घर में भगवान गणेश और लक्ष्मी की नई मूर्तियों की पूजा की जाती है तथा पूजा के उपरान्त पिछले वर्ष की पूजित मूर्तियों, पूजन सामग्री तथा भगवान की कैलेण्डर-फोटो को पार्कों में या पीपल के पेड़ के नीचे रख देते हैं जिसके कारण भगवान का अपमान होता है। मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने बताया कि मानवाधिकार जनसेवा परिषद विगत कई वर्षों से पुरानी पूजित मूर्तियों, पूजन सामग्रियों तथा भगवान के चित्रों के संग्रह हेतु कई स्थानों पर संग्रह स्थल बना कर एकत्र करके सम्मानजनक ढंग से विसर्जन का कार्य कर रहा है। इस वर्ष भी कई स्थानों पर संग्रह स्थल बना कर मूर्तियों को एकत्र किया गया। मानवाधिकार जनसेवा परिषद के द्वारा एकत्र की गई पुरानी पूजित, खण्डित भगवान की मूर्तियों, पूजन सामग्री व भगवान के कैलेंडर-चित्रों का सम्मानजनक ढंग से कुड़िया घाट पर बने विसर्जन स्थल पर विसर्जन किया गया। मूर्तियों के विसर्जन में मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा, रेखा शर्मा, अर्थ शर्मा, आशा सिंह तथा शिखा दीक्षित सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### नई-नवेली दुल्हन ने कर दिया कांड, शादी के 2 हफ्ते बाद ही जेवर-पैसे लेकर फरार

**फतेहपुर।** फतेहपुर जिले में एक हैरान कर देने वाली घटना में, नई नवेली दुल्हन ने अपने ससुरालवालों से गहने और पैसे लेकर फरार हो गई। यह मामला 13 दिन पहले ही ब्याह कराए गए दुल्हे और दुल्हन का है। पीड़ित दूल्हे ने अपने आरोपी साले के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। थानेदार ने आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां शादी को एक पखवाड़ा भी अभी नहीं बीता था कि दुल्हन ने ऐसा कांड कर दिया, जिससे घर वालों के साथ रिश्तेदार और गांव वाले भी सुनकर दंग हैं। दरअसल, नई नवेली दुल्हन ससुरालवालों की आंखों में धूल झोंक कर गहने और पैसे लेकर फरार हो गई। यह मामला जाफरगंज थाना क्षेत्र का है, जहां 13 दिन पहले ही ब्याह कर लाई गई दुल्हन अपने ही चचेरे भाई के साथ लाखों के जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गई। इस दुल्हन को परिवार वाले बीते 13 दिसम्बर को ही ब्याह कर लाए थे। पीड़ित दूल्हे ने आरोपी साले के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है। थाना क्षेत्र के बलिया बाग गांव निवासी शैलेन्द्र सिंह दो भाई हैं। बड़ा भाई अविवाहित है। माता-पिता की मौत हो चुकी है। शैलेन्द्र एक प्राइवेट जूनियर विद्यालय में शिक्षक हैं। शैलेन्द्र के अनुसार पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि विगत 13 दिसम्बर को उसकी शादी हमीरपुर जिले के मौदहा थाना के तिलसरस गांव निवासी रामेश्वर की बेटी राधा के साथ हुई थी। इसके बाद दुल्हन को विदा कराकर गांव ले आए। आरोप है कि रोज की तरह 26 दिसम्बर की सुबह शैलेन्द्र स्कूल चला गया और बड़ा भाई खेतों में गन्ने की कटाई करवा रहा था।

**जेवरात और नगदी समेत 4 लाख ले भागी**

इस दौरान राधा घर मे अकेली थी। करीब 2~30 बजे शैलेन्द्र जब स्कूल से वापस लौटा तो घर से राधा गायब थी। घर मे सारा समान बिखरा पड़ा था। राधा जाते समय साढ़े तीन लाख के सोने-चांदी के जेवरात और 55 हजार रुपए नकदी भी ले गई। आस-पड़ोस वालों से जानकारी मिली कि उसका चचेरा साला वीर सिंह यादव बाइक से आकर राधा को ले गया है। इस पर पीड़ित ने ससुराल वालों को घटना बताई तो पता चला की वहां भी दोनों नहीं पहुंचे। थानाध्यक्ष सतपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### कोराना के 2 नए पॉजिटिव केस मिलने के बाद लखनऊ में ऐक्टिव मरीजों की संख्या 7 पहुंची

**लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सावधानियां भी जारी कर दी गई है। बुजुर्ग और बच्चों को भीड़भाड़ वाले जगहों पर ले जाने से बचने की अपील की गई है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों, बाजारों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क, सेनेटाइजर की व्यवस्था करते हुए सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने का अनुरोध किया गया है। उत्तर प्रदेश में कोरोना के मामले धीरे धीरे बढ़ते जा रहे हैं। राजधानी लखनऊ में पिछले दो दिनों में कुल 4 नए कोरोना के मामले दर्ज किए गए है। जिसमें से 2 लोगों की बुधवार को जांच रिपोर्ट पॉजिटिव मिली थी जबकि 2 लोगों की बृहस्पतिवार को आई जांच रिपोर्ट में कोरोना की पुष्टि हुई है। वहीं 28 दिसंबर को जिन दो लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव मिला है उनका सैंपल जीनोम सैंपलिंग के लिए केजीएमयू भेजा जा रहा है।

## कोरोना काल में फीस न जमा करने वाले 8 बच्चों के पैरेंट्स पर स्कूल ने दर्ज करा दिया केस




**संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में कोरोना काल के दौरान फीस जमा कराए जाने में असमर्थ रहने वाले आठ बच्चों के अभिभावकों के खिलाफ स्कूल प्रधानाचार्या ने मुकदमा दर्ज कराया है। इसके विरोध में पीड़ित अभिभावकों ने जीआइसी मैदान में धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ भी कई आरोप भी लगाए हैं। मुजफ्फरनगर में कारोना काल के दौरान बच्चों की फीस न जमा कराने का आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश पर स्कूल प्रधानाचार्या ने आठ अभिभावकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। इसके विरोध में आरोपित अभिभावकों ने शुक्रवार को जीआइसी मैदान में पहुंचकर विद्यालय प्रबंधन के विरोध में प्रदर्शन करते हुए धरना शुरू कर दिया। आरोप लगाए कि तथ्य छिपाकर कोर्ट से मुकदमे के आदेश कराए गए। चेतावनी दी गई कि जब तक उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं रोकी जाएगी, धरना जारी रहेगा। मामला मुजफ्फरनगर के एमजी वर्ल्ड विजन से जुड़ा हुआ है। एमजी वर्ल्ड विजन ने उन आठ अभिभावकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है, जिन्होंने कोरोना काल में अपने बच्चों की कुछ महीनों की फीस नहीं दी थी। स्कूल से बिना टीसी लिए अन्य स्कूलों में एडमिशन करा लिया था। एमजी वर्ल्ड ने उन स्कूलों को भी इस मामले में 120बी का आरोपी बनाया है,जिन्होंने एडमिशन दिए थे। पुलिस ने इस मामले में गंभीर धाराओं में अभिभावकों और स्कूलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

एमजी वर्ल्ड विजन की प्रधानाचार्य मृणालिनी अनंत ने नगर के निवासी मनोज गुप्ता, दिवेश कुमार, अर्पित चौधरी, सचिन शर्मा, राहुल शर्मा, प्रमोद कुमार, गुलरेज और अनुज गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोप लगाया है कि इन सभी अभिभावकों ने उनके स्कूल में अपने बच्चों को पढ़ाने की फीस नहीं दी। बिना स्कूल से टीसी लिए नगर के ही अन्य स्कूलों में अपने बच्चों का प्रवेश करा लिया। इसके चलते पुलिस ने धारा 420,406 और 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

मुजफ्फरनगर की थाना नई मंडी पुलिस ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक जायसवाल के निर्देश पर यह मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में पीड़ित अभिभावकों ने बताया कि कोरोना काल में उन्होंने अपने बच्चों को निकालने के लिए स्कूल से संपर्क किया था। कई महीने तक उन्हें टरकाया जाता रहा। इसके बाद उन्होंने अपने बच्चों का एडमिशन अलग-अलग स्कूलों में करा दिया था। इन अभिभावकों ने बताया कि जब स्कूल द्वारा उन्हें बकाया फीस के लिए नोटिस दिए गए थे। उन्होंने स्कूल से संपर्क भी किया था, लेकिन स्कूल की प्रधानाचार्य मृणालिनी अनंत ने उनसे कहा था कि तुम्हें अदालत में देखेंगे। वहीं स्कूल के मालिक ने कहा था कि तुम सभी को हम जेल भिजवाएंगे।

आरोप है कि अदालत में एक ही प्रकरण में मुकदमा खारिज होने के बाद दोबारा तथ्य छुपा कर यदि ऐसा मुकदमा दर्ज कराया जाता है तो यह धारा 340 के तहत प्रधानाचार्य के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने का मामला है। वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कक्षा 5 तक प्रवेश के लिए टीसी जमा कराया जाना बाध्यता नहीं है।

## यूपी के आयुर्वेदिक अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी जल्द होगी पूरी... योगी के मंत्री दयाशंकर मिश्र ने बताया प्लान

**संवाददाता**

**गाजीपुर।** यूपी सरकार में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र ने आयुर्वेदिक अस्पताल में डॉक्टरों की कमी पर मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी रिक्त पदों पर नियुक्तियां कर ली जाएंगी। पिछले दिनों 611 आयुर्वेदिक डॉक्टरों की नियुक्ति के बाबत परिणाम घोषित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र %दयालु% ने बड़ा दावा किया है। मंत्री मिश्र के अनुसार जल्द ही सभी सरकारी आयुर्वेदिक अस्पतालों में डॉक्टरों के रिक्त पदों पर तैनाती कर ली जाएगी। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रदेश के सभी आयुर्वेदिक अस्पतालों पर खाली पड़े पदों पर नियुक्तियों को जल्द से जल्द कर लिया जाए। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि गाजीपुर में आयुर्वेदिक अस्पताल के लिए नए भवन का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने गाजीपुर पहुंचे आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र ने मीडिया से बातचीत में अपने विभाग की अग्रिम योजनाओं को साझा किया। एक सवाल के जवाब में मंत्री मिश्र ने बताया कि आयुर्वेदिक अस्पताल में डॉक्टरों के रिक्त पदों पर जल्द ही नियुक्तियां कर ली जाएंगी। मंत्री मिश्र ने यह भी बताया कि 611 आयुर्वेदिक डॉक्टर की नियुक्ति परीक्षा के परिणाम दो दिन पहले ही घोषित किए गए हैं। जल्दी ही अन्य रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती को सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जब से उन्हें आयुष मंत्रालय मिला है। वह अपने विभाग से जुड़ी बेहतरी के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।



गाजीपुर में राजकीय होम्योपैथिक कॉलेज के मुद्दे पर मंत्री मिश्र ने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाका होने के कारण होम्योपैथिक कॉलेज परिसर में जल भराव की समस्या हर वर्ष होती है। उसे दूर करने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि गाजीपुर में 50 बेड का आयुर्वेदिक अस्पताल गाजीपुर में बनाया जाना प्रस्तावित है। यूपी सरकार ने इसके प्रस्ताव को औपचारिक मंजूरी दे दी है। जिसके लिए उनके विभाग की ओर से जमीन को चिन्हित कर कर लिया गया है। मंत्री मिश्र के अनुसार प्रदेश के सभी आयुर्वेदिक हॉस्पिटल और आयुर्वेदिक केंद्रों पर डॉक्टर परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे।

## मुफ्त पेट्रोल न देने पर पंप के कर्मचारियों को पीटा

**संवाददाता**

**लखनऊ।** आशियाना इलाके में सोमवार को एक पंप से मुफ्त में पेट्रोल न मिलने पर युवकों ने कर्मचारियों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। इससे तीन कर्मचारी लहूलुहान हो गए। पुलिस ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराकर एफआईआर दर्ज की है। रजनीखंड निवासी हरीश चंद्र मिश्र आशियाना के सेक्टर एन स्थित मां वैष्णो फिलिंग सेंटर (पेट्रोल पंप) के मैनेजर हैं। उन्होंने आशियाना थाने में तहरीर देकर बताया कि सोमवार रात साढ़े आठ बजे बाइक सवार दो युवक पंप पर पहुंचे। दोनों ने पंप के कर्मचारी से बाइक में मुफ्त में पेट्रोल भरने को कहा। मना करने पर युवकों ने गालीगलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर कैशियर वहां पहुंचे और दोनों युवकों को जाने को कहा। इस पर वो भड़क गए और सबक सिखाने की बात कहकर चले गए। मैनेजर के मुताबिक आधे घंटे बाद दोनों युवक छह अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचे और लाठी-डंडों से पंप के कर्मचारियों की जमकर पिटाई की। फिर आग लगाने की धमकी देकर भाग गए। पिटाई से कर्मचारी बबलू, गोलू और धीरज घायल हो गए। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक एफआईआर दर्ज की गई है। पंप के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## शुक्रिया मोदी भाईजान लोकसभा चुनाव से पहले क्या है बीजेपी का नया प्लान

# यूपी में उड़ेंगी विपक्ष की नींद!

**संवाददाता**

**लखनऊ।** यूपी की सभी लोकसभा सीटें जीतने के लिए बीजेपी ने पूरा खाका तैयार कर लिया है। बीजेपी ने इस बार मुस्लिम वोटरों में बड़ी सेंधमारी करने का रोड मैप तैयार किया है। इसी क्रम में बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा शुक्रिया मोदी भाई जान सम्मेलन करने जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं शामिल होंगी। लोकसभा चुनाव 2024 में मोदी सरकार जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। बीजेपी सीट बंटवारे से लेकर उम्मीदवार उतारने और चुनाव के दृष्टिगत किये जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। इसी के तहत बीजेपी ने 2024 लोकसभा चुनाव में 2014 और 2019 से बड़ी जीत दर्ज करने के लिए एक खास रणनीति तैयार की है। बीजेपी इस चुनाव में अपने पारंपरिक वोटर के साथ ही विपक्षी दलों के मूल वोटर में सेंधमारी का प्लान कर किया है। बीजेपी ने मुस्लिम वोटरों को साधने के लिए बड़े स्तर पर खाका तैयार किया है। बीजेपी यूपी की सभी 80 की 80लोकसभा सीटें जीतने के लिए %शुक्रिया मोदी भाईजान% सम्मेलन करने जा रही है। इसकी टैगलाइन %ना दूरी है ना खाई है, मोदी हमारा भाई है% होगी। यूपी बीजेपी के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने बताया कि ना दूरी है ना खाई है मोदी हमारा भाई है, शुक्रिया मोदी भाईजान इसी को ध्यान में रखते हुए मुस्लिम महिलाओं को लाभ मिला है। आयुष्मान का लाभ मिला है, उन्हें रहने के लिए छत मिली है। इसके साथ ही फ्री राशन समेत तमाम तरह की सरकारी योजनाओं में मुस्लिम महिलाओं को बड़ी तादाद में सम्मान मिला है। चाहे दंगा मुक्त उत्तर प्रदेश की बात हो, चाहे शौचालय से लेकर सुरक्षा मिलना हो या फिर जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने का मामला हो या फिर तीन तलाक से मुक्ति देना हो। सभी मामलों में पीएम नरेंद्र मोदी ने मुस्लिम महिलाओं को बढ़चढ़ कर सम्मान दिया है।



अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली ने बताया कि मुस्लिम महिलाओं को भाई वाला प्यार दिया है और भाई वाली सुरक्षा मिली है। इसको ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी जिलों में एक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी तादाद में मुस्लिम महिलाएं शामिल होंगी। इस सम्मेलन के जरिये शुक्रिया मोदी भाईजान, ना दूरी है ना खाई है, मोदी हमारा भाई है। इससे अपनत्व की भावना पैदा होगी। इसके जरिये प्यार मोहब्बत दिखाई देगा और भाई का रिश्ता दिखाई देगा।

बासित अली ने कहा कि यह भाई का रिश्ता 2024 लोकसभा चुनाव में बीजेपी को बड़ी जीत दिलाने का काम करेगा। यह सम्मेलन यूपी की 80 की 80 लोकसभा सीटें जीतने के मार्जिन को बढ़ाने का काम करेगा। ना दूरी है ना भाई है मोदी हमारा भाई है इस सम्मेलन से विपक्षी दलों की नींद उड़ने वाली है। इस सम्मेलन का आयोजन 2 जनवरी से 20 जनवरी के बीच किया जाएगा। हर सम्मेलन में 1500 के करीब मुस्लिम महिलाएं शामिल होंगी। इस सम्मेलन के जरिये मुस्लिम महिलाओं को मिले योजनाओं का लाभ और सुरक्षा की लिए महिलाएं पीएम मोदी का शुक्रिया अदा करेंगी। यूपी बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा इस सम्मेलन का आयोजन बीजेपी संगठन के सभी 98 जिलों में करेगा।

## संपादाक की कलम

### कृत्रिम मेधा के दम पर उदासी और अवसाद से दो-दो हाथ

अब सोशल मीडिया पर आपकी पोस्ट या इमोजी को देखकर भी एआई आपके अवसाद का स्तर जांच लेगी। चैटजीपीटी लिंग, और सामाजिक-आर्थिक पूर्वाग्रहों से भी प्रभावित नहीं है, जबकि चिकित्सकों में ऐसा देखने को नहीं मिलता। इस साल हुई रिसर्च ने बताया है कि कृत्रिम मेधा यानी एआई अब बीमारियों के निदान और उनके इलाज के तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए भी तैयार है। अवसाद का पता लगाने में तो यह खासतौर से मददगार हो रही है, क्योंकि इससे अवसाद का ज्यादा सटीक निदान संभव हुआ है। हम में से करीब 20 फीसदी लोगों ने अपने जीवन में कम से कम एक बार अवसाद का सामना जरूर किया होगा। इस वक्त दुनिया भर में 30 करोड़ लोग अवसाद की समस्या से जूझ रहे हैं। डब्ल्यूएचओ ने अवसाद को दुनिया में खराब स्वास्थ्य में सबसे ज्यादा योगदान करने वाली समस्या बताया है। एआई इससे निपटने में कैसे मदद कर सकती है? अवसाद का निदान इतना मुश्किल होता है कि सामान्य चिकित्सक तो अवसाद के आधे से भी कम मामलों का सही-सही पता लगा पाते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि इसके निदान के लिए चिकित्सक मरीज द्वारा बताए लक्षणों, मरीज से पूछे जाने वाले सवालों से निकले जवाबों और नैदानिक रिपोर्टों का ही सहारा लेते हैं। जिन लोगों में अवसाद का सही-सही निदान हो जाता है, उनके इलाज के बहुत से तरीके हैं, जिनमें संवाद, ध्यान और जीवन शैली में बदलाव जैसे उपाय भी शामिल हैं। हालांकि हर व्यक्ति के मामले में इलाज की प्रतिक्रिया अलग-अलग देखने को मिलती है और हमारे पास पहले से यह जानने का कोई तरीका नहीं है कि कौन इलाज कारगर होगा और कौन-सा नहीं। एआई कंप्यूटरों को इंसान की तरह सोचने के लिए प्रशिक्षित करती है, जिसमें तीन इंसानी व्यवहारों पर जोर दिया जाता है। ये हैं- सीखना, तर्क करना और सुधार करना। एआई की एक शाखा मशीन लर्निंग है, जिसका उद्देश्य सीखने, डाटा में प्रतिरूपों का पता लगाने और इंसान के मार्गनिर्देशन के बिना डाटा युक्त भविष्यवाणी करने के लिए कंप्यूटरों को प्रशिक्षित करना है। हाल के वर्षों में अवसाद जैसी बीमारियों के, निदान में एआई का उपयोग करने वाले शोध काफी हो रहे हैं। वैज्ञानिकों ने जब चैटजीपीटी के निदानों और डॉक्टरों द्वारा किए गए निदानों की तुलना की, तो हैरान करने वाले नतीजे मिले। जब अवसाद की गंभीरता, लिंग और सामाजिक-आर्थिक स्थिति वाले विभिन्न काल्पनिक मरीजों के बारे में चैटजीपीटी को बताया गया, तो उसने ज्यादातर मरीजों के लिए टॉक थैरेपी यानी संवाद से इलाज का तरीका सुझाया। जबकि चिकित्सकों ने ऐसे रोगियों के लिए अवसाद रोधी दवाएं दिए जाने का सुझाव दिया। चैटजीपीटी लिंग, और सामाजिक-आर्थिक पूर्वाग्रहों से भी प्रभावित नहीं है, जबकि चिकित्सकों में ऐसा देखने को नहीं मिलता, वे शारीरिक श्रम से जुड़े नौकरी करने वालों को अक्सर अवसादरोधी दवाएं ही लिखते हैं। एमआरआई-आधारित एआई मशीनें केवल शोध में ही उपयोग की जाती हैं, पर जैसे-जैसे एमआरआई स्कैन सस्ते, तेज और एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में सक्षम हो रहे हैं, उससे पूरी संभावना है कि यह नई तकनीक चिकित्सा सामान का हिस्सा बन जाएगी। वैज्ञानिकों ने एआई का उपयोग करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट और इमोजी के विश्लेषण से भी अवसाद का पता लगाया है।

### सरोकार की आवाजें जब कमजोर होती हैं तो विद्रोही की कविताएं भीड़ की तरह बोलती हैं

जीवन स्थायित्व की तलाश करता है। कवि ने अस्थायित्व को चुना। बेघर रहा, हर रात का दर ही उसका घर रहा। जहाँ शाम हो जाए, जहाँ नींद आ जाए वहीं घर हो जाए। उन्होंने जीवन इसी तरह जिया। रमा शंकर यादव नाम मिटता गया और वह विद्रोही बनता गया, कवि विद्रोही और विद्रोह का कवि। सबने उन्हें इसी नाम से जाना। लोगबाग जेएनयू आते तो उन्हें इसी नाम से खोजते। विद्रोही कुछ वक्त के लिए अगर कहीं चले जाते तो जेएनयू उन्हें इसी नाम से खोजता। यहीं उनका घर था। यहाँ के ढाबे और यहाँ की सारी जगहों के रिक्त स्थानों में जरूरी शब्द की तरह जरूरी वक्त पर वे खड़े हो जाते। लड़ाई में लोग कम होते तो उनकी कविताएँ भीड़ की तरह बोलने लगतीं। जेएनयू के पत्थरों को उनके पीठ के निशान की आदत सी हो गई थी जो शायद अब भी बची हों। सर्दियों के एक दिन वह शहर की तरफ गया, छात्रों के साथ किसी लड़ाई का हमवार होने और लौटा तो उसकी लाश लौटी।

**कविता बड़बड़ाते हुए वह चुप हो गये...**

वह 3 बरस पहले के दिसंबर की यही शाम थी। कुछ नारे लगाते हुए, कुछ कविता बड़बड़ाते हुए वह चुप हो गया अचानक। वहीं, शहर और जुलूस की भीड़ के बीचोबीच। वह कविता के तौर-तरीक़ों से लेकर जीवन तक में विद्रोही रहा। वह कविताओं का लेखक नहीं था, एक बुनकर कवि था जो अपने ही भीतर कविताओं को बुनता-धुनता और वक्त-बेवक्त उन्हें सुनाता। कवि जिसका लिखा हुआ कुछ भी नहीं है, सबकुछ कहा हुआ है। उनका कहा हुआ ही और लोगों ने लिखा और एक अकेली उनकी किताब का शीर्षक दे दिया 'नयी खेती'। विद्रोही, इंसान के रूप में एक बिम्ब की तरह थे। सबको समझने का अलग-अलग मायने देते हुए, जीवन और लिबास में जर्जर, और एक मजबूत जनकवि उसके भीतर। लिबास से आदमी को पहचान करने वालों के लिए पूर्ण विराम लगाते हुए। इंसान की पहचान का कोई और मायने बताते हुए। वे इंसान को समझने और उसे भीतर से कहीं तलाशने का तौर देते थे।

### ख़्वाब नये अरमां नये

ख़्वाब नये अरमां नये, आया ले नव वर्ष।
रब से अपनी है दुआ, सतत चले संघर्ष।
बैठे मत मन मार कर, देखोगे उत्कर्ष।
रहे निराशा दूर ही, जब तक मन में हर्ष।
आशाएं ज़िन्दा रखो, अच्छी है ये बात।
खुद बदलोगे आप जब, बदलेंगे हालात।
हार मिले या जीत तुम, होना नहीं उदास।
आगे को बढ़ते रहो, रब पर रख विश्वास।
मानव है रब के लिए, सब जीवों में ख़ास।
नहीं देखना चाहता, हरगिज़ उसे उदास।

हमीद कानपुरी,
अब्दुल हमीद इदरीसी,
मीरपुर, कैण्ट, कानपुर- 208004



## पार्वती-कालीसिंधु-चंबल नदियों को जोड़ अटल बिहारी वाजयेपी का एक और सपना पूरा करेगी भाजपा



वर्ष 2014 में दिल्ली में नरेंद्र मोदी सरकार बनने के बाद एक बार फिर नदी जोड़ो परियोजना की फाइलों को निकाला गया। नदियों को जोड़ने की उम्मीद जागी। केन और बेतवा नदियों को लेकर जोड़ने को लेकर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार में सहमति बन गई है और काम शुरू हो चुका है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का एक और सपना पूरा होने के करीब पहुंच गया है। वर्ष 2004 से पहले अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश में नदियों को जोड़ने की परिकल्पना की थी। उन्होंने 31 रिवर इंटरलिंक्स चिन्हित किए थे, लेकिन अटल सरकार लोकसभा चुनाव हार गई। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार आने से यह प्रोजेक्ट दस साल तक ठंडे बस्ते में रहा और यह सपना अधूरा रह गया। वर्ष 2014 में दिल्ली में नरेंद्र मोदी सरकार बनने के बाद एक बार फिर नदी जोड़ो परियोजना की फाइलों को निकाला गया। नदियों को जोड़ने की उम्मीद जागी। केन और बेतवा नदियों को लेकर जोड़ने को लेकर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार में सहमति बन गई है और काम शुरू हो चुका है। अब मध्य प्रदेश और राजस्थान भी पार्वती-कालीसिंधु-चंबल (पीकेसी) नदियों को जोड़ने के लिए सहमति बनाने के लिए आगे बढ़ गए हैं। इस प्रोजेक्ट से पूर्वी राजस्थान में नई हरित क्रांति की शुरुआत हो सकती है। नए पीकेसी लिंक से पानी के लिए तरस रहे पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों जयपुर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, अजमेर, करौली, दौसा, टोंक, सवाईमाधोपुर, कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां में न केवल अगले 30 साल तक पीने का पानी सुचारू रूप से मिलता रहेगा, बल्कि 7 लाख हेक्टेयर नई भूमि सिंचित भी होगी। मध्य प्रदेश में मालवा और चंबल क्षेत्र में 2.8 लाख हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई हो सकेगी। इस नए लिंक को राजस्थान में ईस्टर्न राजस्थान कैनल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) के साथ जोड़ा जाएगा। इसको नया नाम ईआरसीपी-पीकेसी लिंक प्रोजेक्ट दिया गया है। दरअसल, ईआरसीपी की कवायद वर्ष 2016 में राजस्थान की भाजपा नेतृत्व वाली वसुंधरा राजे सरकार ने शुरू की थी। उन्होंने एक डीपीआर भी तैयार करा ली थी, लेकिन डीपीआर में खामी के चलते प्रोजेक्ट में विलंब हुआ। डीपीआर में सुधार होता, उससे पहले वर्ष 2018 में राजस्थान में सरकार बदल गई। अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनी तो उसने खामी वाली डीपीआर को ही आगे बढ़ाने का प्रयास किया। उस समय मध्यप्रदेश में भी कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की ही सरकार थी, लेकिन उन्होंने राजस्थान के साथ सहमति नहीं बनाई। फिर यह एक राजनीतिक मुद्दा बनकर रह गया। केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य में अशोक गहलोत सरकार आपस में पानी को लेकर राजनीति में फंसते चले गए। कांग्रेस ने पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में इस मुद्दे को काफी जोर-शोर से उठाया। बजट में कुछ धन भी ईआरसीपी के नाम पर रखा, लेकिन राज्य अपने संसाधनों से इसे पूरा नहीं कर सकता था, यह बात अशोक गहलोत भलीभांति जानते थे। पहले से माना जा रहा था कि यदि राजस्थान और मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार आती है तो ईआरसीपी-पीकेसी लिंक प्रोजेक्ट को एक बार फिर गति मिल सकती है। ऐसा हुआ भी। जैसे ही दोनों राज्यों में भाजपा नेतृत्व की सरकार बनी, केंद्र में जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, जो पहले से इस लिंक प्रोजेक्ट को पूरा करने का वादा करते आ रहे थे, सक्रिय हो गए। अभी राजस्थान में मंत्रिमंडल का गठन नहीं हुआ है, लेकिन शेखावत ने राजस्थान और मध्य प्रदेश के अधिकारियों को दिल्ली बुलाकर इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करा दिया है। लोकसभा चुनाव से पहले दोनों राज्यों और केंद्र सरकार के बीच सहमति बनाकर बजट स्वीकृत किया जा सकता है। भाजपा इस प्रोजेक्ट के माध्यम से राजस्थान के 13 जिलों के वोटर्स को साधना चाहती है। यह प्रोजेक्ट नौ लोकसभा सीटों जयपुर, जयपुर ग्रामीण, अजमेर, कोटा, दौसा, भरतपुर, धौलपुर-करौली, टोंक-सवाईमाधोपुर, बारां-झालावाड़ पर भाजपा को लाभ पहुंचाएगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 50,000 करोड़ रुपए का खर्च आएगा, जिसमें 90 प्रतिशत राशी यानी 45,000 करोड़ रुपए केंद्र सरकार वहन करेगी। शेष 10 प्रतिशत की राशि राजस्थान और मध्य प्रदेश अपने क्षेत्र में होने वाले खर्च में से देंगे। राजस्थान को 3725 करोड़ रुपए खर्च करने पड़ सकते हैं। 5 साल से अटका यह प्रोजेक्ट जब पूरा होगा तो पूर्वी राजस्थान में एक नई हरित क्रांति देखने को मिलेगी। उम्मीद है कि केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंधु-चंबल के बाद देश के शेष 29 रिवर इंटरलिंक्स पर भी सहमति बनाकर काम शुरू जाए।

## डिजिटल भारत~ सड़क किनारे क्यूआर कोड, महामारी से बदली जीवन शैली और बढ़े विकल्प

परंपरागत गढ़ ध्वस्त हो रहे हैं। लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था और खर्च क्षमता के साथ भारतीयों के लिए बेहतर और ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि वे देसी ढंग से रहने को तैयार हैं, और वह भी बटन के केवल एक क्लिक के साथ। कोविड के बाद के परिदृश्य में न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया में लोग अपनी जीवन शैली और इसके विकल्पों पर ज्यादा गहराई से विचार करने के लिए प्रेरित हुए हैं। चाहे बड़े शहर हों या छोटे, लोग अब ज्यादा जागरूक और सुविचारित जीवन जी रहे हैं। इतनी ज्यादा तादाद में आकस्मिक मौतों के आघात के बाद लोगों की सोच में आया यह बदलाव स्वाभाविक था और स्वागतयोग्य भी। पर, जहां ये परिवर्तन सोच के स्तर पर आए हैं, वहीं, देश में आ रहे तेज बदलावों से प्रेरित होकर कई व्यवहारिक परिवर्तन भी देखने को मिले। इनमें सबसे प्रमुख ट्रेंड था, दैनिक जीवन में डिजिटल भुगतान का महत्व लगातार बने रहना। जब प्रधानमंत्री मोदी ने कोविड से पहले के वर्षों में डिजिटल भारत और डिजिटल भुगतान की बात की, तब इसे अपनाना वास्तविकता से काफी दूर समझा जा रहा था। लेकिन कोविड के समय में जब एटीएम तक जाना भी जोखिम से भरा था, तब डिजिटल भुगतान का विकल्प वाकई जीवन-रक्षक साबित हुआ। आज सड़क के किनारे नारियल का पानी बेचने वाले के पास भी क्यूआर कोड दिखता है और छुट्टे पैसे के लिए मारामारी अब अतीत की बात हो चली है। बस %स्कैन और भुगतान% आज के युग का मंत्र बन गया है। पिछले साल जब मैं अमेरिका और तुर्किये की यात्रा पर थी, तो मुझे आश्चर्य होता था कि जेब में हर वक्त पैसा लेकर चलना कितना असुविधाजनक हो सकता है। साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री का डिजिटल भुगतान करते हुए एक वीडियो काफी चर्चा में रहा था। उनके चेहरे पर मौजूद आश्चर्य का भाव सब कुछ कह रहा था। वाकई जब भी डिजिटल भुगतान की बात आती है, भारत उसमें अग्रणी है। आने वाले वर्ष में हम कई दूसरी सेवाओं को भी डिजिटल होते देखेंगे। पर्यावरणीय चेतना बढ़ने के साथ स्मार्ट घर लोकप्रिय होते जाएंगे, जिनमें बिजली और पानी की बचत पर्यावरण और मितव्ययिता को प्रोत्साहित करेगी। यू-ट्यूब का यदि विश्लेषण करें, तो वहां सबसे ज्यादा लोकप्रिय क्रिएटर %वेलनेस% गुरु हैं। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों ने हमें सिखाया है कि स्वास्थ्य महज प्रतिरक्षा बढ़ाने का खेल है और इस %इम्युनिटी% के काफी सारे समाधान हमारे खाने-पीने और जीवन शैली में निहित होते हैं। एप्पल वॉच से लेकर पहनने योग्य मेक इन इंडिया तकनीक तक, ज्यादा से ज्यादा भारतीय अब अपने मोबाइल फोन में फिटनेस ऐप का उपयोग करते हुए नजर आते हैं और शुगर के स्तर का भी हिसाब रख रहे हैं। दुनिया की डायबिटीज राजधानी कहलाने वाले अपने देश में जीवन शैली से जुड़ी इस बीमारी पर नजर रखना बेहद जरूरी हो गया है। अच्छी बात है कि जैविक खाद्य सामग्री की कीमतें, जो कभी काफी ऊंची हुआ करती थीं, अब मध्यवर्गीय उपभोक्ता को भी आसानी से सुलभ होने लगी हैं। अब पहले से कहीं ज्यादा लोग वार्षिक स्वास्थ्य जांच करवा रहे हैं। पहले जहां रक्त जांच की रिपोर्ट आने में हफ्तों का समय लगता था, अब कुछ ही दिनों या घंटों में रिपोर्ट मिल जाती है। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से कन्टेन्ट बनाने के शौकीनों के अड्डे यानी यू-ट्यूब अब ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और इलेक्ट्रॉनिक न्यूज मीडिया पर भी बढ़त बना रहा है। ब्लॉगर यानी विजुअल ब्लॉग वाले सेलिब्रिटी बन गए हैं, जो प्रामाणिक व संबंधित अनुभव बताकर लोगों की जिंदगियों में घुले जा रहे हैं। सिनेमा की चमकदार दुनिया का अपना स्थान है, लेकिन अब उसे भी इन ब्लॉगरों से चुनौती मिल रही है। यह खबरों और कन्टेन्ट के लोकतंत्रीकरण का दौर है, जो अपनी जड़ें जमा रहा है। यू-ट्यूब पैसा कमाने का भी जरिया बनता है। जीवन शैली हो या फिर फैशन, पूरी दुनिया में इन्हें लेकर पर्यावरण के अनुकूल ट्रेंड दिख रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। हाल ही में जब अभिनेत्री आलिया भट्ट सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार लेने पहुंची, तो उन्होंने अपनी शादी वाली साड़ी पहनी हुई थी। एक फैशन आइकन की तरफ से यह एक महत्वपूर्ण कदम था, जो युवा महिलाओं को फैशन में बने रहने के लिए भारी-भरकम खर्चों से निजात दिलाएगा। पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली और फैशन के क्षेत्र में भारत अग्रणी बन सकता है। बगैर किसी शोर के हम सदियों से यही करते आए हैं। प्लास्टिक को पर्यावरण के लिए खतरनाक माने जाने और चरणबद्ध ढंग से इसे खत्म किए जाने की अवधारणा सामने आने से काफी पहले से भारतीय रसोइयों में दरवाजे के पीछे एक हुक होता था, जिसमें प्लास्टिक के थैलों को फिर से उपयोग के लिए लटका दिया जाता था। इसी तरह साड़ियां भी चाहें अमीर हो या गरीब, विरासत के रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी चली आती हैं। बाकी दुनिया बेशक अब इसे अपना रही है। लेकिन यह हमारे जीवन का तरीका रहा है। हमारी नई पीढ़ी को बस याद दिलाने की जरूरत है। एक दूसरा क्षेत्र ट्रैवल ब्लॉगिंग का है, जो स्थानीय पर्यटन से जुड़ा है। ये ट्रैवल ब्लॉगर अपने ही देश की खोज कर रहे हैं। एक जिज्ञासु यात्री को जीवन भर उत्साहित रखने के लिए पर्याप्त विविधता अपने देश में है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसकी पहचान करते हुए डेस्टिनेशन वेडिंग भारत में और खासकर उत्तराखंड जैसे खूबसूरत स्थानों पर कराने का सुझाव दिया था। पर्यटन में रुचि और भारतीय मसालों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती ख्याति आने वाले वर्षों में ज्यादा बढ़ने की पूरी उम्मीद है। अगर किसी को संक्षेप में बीते वर्ष और आने वाले वर्ष के बारे में बताना हो, तो उसे केवल %स्व% का मंत्र देना काफी होगा, जिसका अर्थ है, %भारतीय खरीदें, भारतीय बनें%। लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था और बढ़ती खर्च क्षमता के साथ भारतीयों के लिए बेहतर और ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि वे देसी ढंग से रहने को तैयार हैं, और वह भी बटन के केवल एक क्लिक के साथ।




## भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियां देकर जा रहा है 2023, दुनिया में बजा डंका

भारत ने 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की, जिसके तहत 60 विभिन्न जगहों पर 250 से ज्यादा बैठकें हुई, अफ्रीकी संघ को पूर्ण सदस्यता मिली और पहले ही दिन दुनिया भर के नेताओं ने दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति व्यक्त की। दुनिया के कई हिस्सों में व्याप्त अशांति के बावजूद भारत ने वर्ष 2023 में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। यह न केवल दुनिया में सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया, बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ती हुई ब्रिटेन को पछाड़ते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई। अनुमान है कि यदि पहले नहीं, तो 2030 तक यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। भारत ने 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की, जिसके तहत 60 विभिन्न जगहों पर 250 से ज्यादा बैठकें हुई, अफ्रीकी संघ को पूर्ण सदस्यता मिली और पहले ही दिन दुनिया भर के नेताओं ने दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति व्यक्त की। जी-20 की अध्यक्षता समाप्त होने से पहले पहली बार भारत ने एक आभासी शिखर सम्मेलन की भी मेजबानी की। प्रधानमंत्री मोदी ने क्वाड, जी-7, आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भागीदारी की और आभासी रूप से शंघाई सहयोग संगठन की एक एवं वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ के दो शिखर सम्मेलनों की मेजबानी की। उन्होंने अमेरिका की सफल राजकीय यात्रा की और अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को दूसरी बार संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। भारत संतुष्ट हो सकता है कि उसकी ऊर्जा प्रणाली में नवीकरणीय स्रोतों की हिस्सेदारी 43 फीसदी (172 गीगावॉट) से अधिक हो गई है और वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन की तीव्रता 45 फीसदी कम हो जाएगी, जैसा कि ग्लासगो जलवायु शिखर सम्मेलन में वादा किया गया था। मालदीव में नई सरकार का नेतृत्व मोहम्मद मुइज्जू कर रहे हैं, जो चीन समर्थक हैं। उन्होंने आधिकारिक रूप से भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने और अपना हेलिकॉप्टर वापस लेने के लिए कहा है। भारत को इस छोटे, मगर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पड़ोसी से सावधानीपूर्वक निपटना होगा। चीन के साथ हमारे कामकाजी रिश्ते बने हुए हैं-हम ब्रिक्स, एससीओ एवं जी-20 शिखर सम्मेलनों में भाग ले रहे हैं। चीन के हांगझोउ में हुए एशियाई खेल में भारत ने 100 से ज्यादा पदक जीते। चीन और भारत के बीच कमांडर स्तर की 20 दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर से चीनी सैनिकों को हटाने की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। अपने चीनी समकक्ष के साथ बात करते हुए हमारे विदेश मंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक सीमा विवाद का पूरी तरह से समाधान नहीं होता, तब तक रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। बांग्लादेश, नेपाल और भूटान में चीन की पैठ पर सख्त नजर रखने की जरूरत है। विगत नवंबर में प्रधानमंत्री मोदी एवं शेख हसीना ने आभासी रूप से सीमा पार अखौरा-अगरतला रेलवे लाइन का उद्घाटन किया, जो पूर्वोत्तर भारत को बांग्लादेश से जोड़ता है। इससे अगरतला और कोलकाता के बीच की यात्रा का समय भी कम होगा। जी-20 शिखर सम्मेलन से अलग भारत-बांग्लादेश ने तीन सहमति पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। पाकिस्तान के साथ संबंध अभी अनिश्चित बने हुए हैं, लेकिन अफगानिस्तान को भारत की मानवीय सहायता जारी है। एक राष्ट्र के रूप में हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मणिपुर में जो हुआ, वह फिर कभी न हो। भारत के ओलंपिक विजेताओं को अपनी आवाज सुनाने के लिए हफ्तों तक धरने पर नहीं बैठना पड़ता, उनकी चिंताओं का समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है, वे सम्मान के पात्र हैं। पन्नून के कारण भारत और अमेरिका के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी पटरी से उतरने की संभावना नहीं है। कनाडा खालिस्तानी कट्टरपंथियों का स्वर्ग बन गया है। अमेरिका और कनाडा, दोनों को खालिस्तानी कट्टरपंथियों पर लगाम लगानी चाहिए, जो भारतीय राजनयिकों को धमकी दे रहे हैं।



# लोगों के महल देख कर अपने आपको गरीब न समझें

आवाज प्लस डेस्क



**बदायूं।** लोगों के महल देख कर अपने आपको गरीब न समझें क्योंकि कमाई छोटी हो या बड़ी हो सकती है मगर हर घर में रोटी का साइज और कब्रिस्तान में कब्र का साइज एक जैसा ही होता है। मौत की गाड़ी में जिस दिन सोना होगा न कोई तकिया न बिछौना होगा ,साथ होंगी दोस्ती की यादें और एक शमशान का कोना होगा। और बहा लिखा होगा ,मंजिल तो तेरी यही थी , बस जिंदगी गुजार गई आते आते ,क्या मिला तुझे दुनिया से , अपनो ने ही जला दिया जाते जाते। गीता में श्री कृष्ण कहते है जब भी विनाश होता है तो शुरआत वाणी के सैय्यम खोने से होती है तारीफे दिन बनाती हैं । और ताने जिंदगी । इंसान की यही फितरत है की न मिले तो सब्र नहीं करते और मिल जाए तो कद्र नहीं करते । एक साधु ने एक कुत्ते से कहा तू है तो बहुत वफादार परंतु तेरे में तीन कमियां हैं नंबर 1 तू पेशाब हमेशा दीवार पर ही करता है नंबर 2 भिखारी के पीछे बिना बात के ही भौंकता है नंबर 3 तू रात को भौंक भौंक के लोगों की नीद खराब करता है । इस पर कुत्ते ने बहुत ही बढ़िया जवाब दिया कुत्ता बोला ये साधु सुन जमीन पर पेशाब इस लिए नही करता की कही किसी ने बैठ कर पूजा न की हो।भिखारी के पीछे इस लिए भौंकटा हूं की बह भगवान को छोड़कर लोगों से क्यों मांगता है। जो की खुद एक भिखारी है ।भगवान से क्यों नही मांगता। और रात को इस लिए भौंकता हूं की हे पापी मनुष्य तू इस भ्रम की नींद में क्यों सोया हुआ है। अपने ह्रद्य प्रभु को याद कर जिसने तुझे इतना सब कुछ दिया है। गलतियां तो बहुत हुई जिंदगी में लेकिन जो गलतियां लोगों को पहिचान ने में हुई उसका नुकसान सबसे ज्यादा हुआ हम पागल थे जो दिल साफ रखते थे। लेकिन हमे क्या पता था कि लोग यहां चेहरे देखते हैं।

**बाते लच्छे दार बना ने आते हो।**
**धोखा कितने प्यार से देकर जाते हो।**
**शहद से भी मीठा लगता है जोमुझको**
**यार तुम ऐसा जहर कहां से लाते हो।**

# विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ब्लॉक में लगाई झाड़ू



नितिन यादव/आवाज प्लस डेस्क

**हमीरपुर।** राठ विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विकासखंड कार्यालय में बीडीओ सहित अन्य कर्मचारी झाड़ू लगाई। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता से होने वाले फायदे भी बताये। खण्ड विकास अधिकारी राठ दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम चौपाल कार्यक्रम के एक वर्ष पूर्ण होने पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि दैनिक सफाई के अंतर्गत अपने घर के झाड़ू पोछा से लेकर नालियों की सफाई करने से संक्रमण, मौसमी बीमारियां इत्यादि नहीं होती है। इस दौरान एडीओ अरविंद कुमार सक्सेना, जेई पंचायत सुभाष चंद्र मौर्य, नजीर मुहम्मद, हरदीपक राजपूत,प्रेम नारायण सफाई कर्मी प्रकाश, मुन्नालाल आदि ने ब्लाक परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की।

# नए सत्र के प्रवेश का पहला चरण 20 जनवरी से

## लगेंगे ये दस्तावेज




आवाज प्लस डेस्क

**झांसी।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत चार चरणों में बच्चों के दाखिले का पहला चरण 20 जनवरी से शुरू हो रहा है। शासन द्वारा सारणी जारी कर प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए हैं। आरटीई के तहत निजी विद्यालयों की 25 प्रतिशत सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को दाखिला दिया जाता है। अगले सत्र के प्रवेश का पहला चरण 20 जनवरी से 18 फरवरी तक रहेगा। वहीं दूसरा चरण एक मार्च से 30 मार्च तक रहेगा। तीसरा चरण 15 अप्रैल से 8 मई और चौथा चरण 1 जून से 20 जून तक रहेगा। प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, इसके आवेदन ऑनलाइन लिए जाएंगे।20 जनवरी से आरटीई के प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो रही है, इसके निर्देश जारी हो गए हैं। आवेदन करते समय अभिभावक ध्यान रखें कि किसी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। नियम और शर्तों के अनुसार ही आवेदन फार्म भरें।

**- नीलम यादव, बीएसए।**

ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बाद ऑनलाइन आवेदन की प्रति, निवास प्रमाण पत्र, (आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक पासबुक) में से कोई एक आय प्रमाणपत्र, बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र और विकलांग प्रमाणपत्र (यदि है तो) बीआरसी पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

### आवेदन की शर्तें

प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी को निवास प्रमाण पत्र पर अंकित पते के एक किलोमीटर की परिधि में विद्यालय चयनित करना होगा। इसके साथ ही इस परिधि में कोई परिषदीय विद्यालय न हो और हों भी तो कक्षा एक की सीट फुल हों। इसका शपथ पत्र भी जमा करना होगा।

## 11 महीने में हुए 568 सड़क हादसे, 252 लोगों ने गंवाई जान

**झांसी।** बैठक में जानकारी दी गई कि जनवरी से नवंबर 2022 के दौरान झांसी जिले में 514 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं। जिसमें 257 मौत व 318 लोग घायल हुए। वहीं, 2023 में इसी अवधि में 568 सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिसमें 252 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 317 व्यक्ति घायल हुए। कमिश्नर ने कहा कि हर माह बैठक आयोजित कर सड़क दुर्घटना की समीक्षा करें। बताया गया कि झांसी जिले में कुल 28 ब्लैक स्पॉट हैं।

# एक नज़र

## कोहरे के कारण 30 दिसम्बर तक अवकाश

**सोनभद्र ।** जिले में बढ़ती सर्दी और घने कोहरे को देखते हुए कक्षा आठ तक के सभी विद्यालय 29 व 30 दिसंबर को बंद रहेंगे। पिछले दो दिन से लगातार घना कोहरा छाए रहने की वजह से सर्दी में बच्चों को स्कूल जाने में काफी परेशानी हो रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों की छुट्टी करने के आदेश दिए हैं। आदेश का पालन कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने विद्यालयों को निर्देशित किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने बताया कि सभी बोर्ड के विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों की 29 व 30 दिसंबर को छुट्टी रहेगी। विद्यालय प्रबंधकों को आदेश के सख्ती से पालन का निर्देश दिया गया है।

## कड़ाके की ठंड में रात को नायब तहसीलदार ने मरगाय गौशाला का औचक निरीक्षण किया

संवाददाता

**कालपी/जालौन।**



नायब तहसीलदार हरदीप सिंह ने कदौरा बिकास खंड के ग्राम मरगाया स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिये। कदौरा ब्लांक के ग्राम मरगाया स्थिति गौशाला पहुंचने पर नायब तहसीलदार हरदीप सिंह ने गायों की गणना की तथा रजिस्टर से मिलान भी किया । उन्होंने भूसे के स्टाक का निरीक्षण किया तथा पानी तथा छाया की व्यवस्था को भी देखा। ठंड से बचाव करने के लिए जरूरी उपाय तथा इंतजाम बनाये रखने पर जोर दिया।?उन्होने मौके में मौजूद जिम्मेदार कर्मचारियों को हिदायत दी है कि गौशाला के परिसर में स्वच्छता की पूरी व्यवस्था की जाए इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सर्दी का मौसम बढ़ गया है इसलिए ठंडक से बचाव करने के गौशाला में पुख्ता इंतजाम किए जायें। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए।

## बचने के लिए खूब लड़ी किशोरी शरीर पर मिले चोट के कई निशान

**झांसी।** शुक्रवार को बबीना थाना इलाके में किशोरी की अर्द्धनग्न लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी रही। किशोरी के शरीर पर मिले चोट के निशानों से अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसने बचने के लिए खूब संघर्ष किया। इसके अलावा एक से अधिक आरोपी होने की भी आशंका जताई जा रही है। पुलिस इसकी पड़ताल में जुटी हुई है। किशोरी अपने घर से बृहस्पतिवार की शाम छह बजे निकली थी, इसके बाद वापस नहीं लौटी। शुक्रवार की सुबह उसकी अर्द्धनग्न लाश घर से तकरीबन सौ फीट दूर झाड़ियों में एक गड्ढे में पड़ी मिली। किशोरी का सिर कुचला हुआ था, जबकि शरीर पर भी चोट के कई निशान थे, जिनसे खून बह रहा था। शरीर पर जो कपड़े बचे थे, वह भी फटे हुए थे। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि घटना के दौरान किशोरी ने बचाव के लिए आरोपी से खूब संघर्ष किया। लेकिन, आरोपी ने उसके सिर पर पत्थर पटक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

## जिला अस्पताल में कराई जाएगी एमडी और एमएस की पढ़ाई

**झांसी।** जिला अस्पताल में अब एमबीबीएस डॉक्टरों को एमडी और एमएस की पढ़ाई कराई जाएगी। डिप्लोमेटिक नेशनल बोर्ड (डीबीएन) ने जिला अस्पताल के हड्डी रोग विभाग में दोनों कोर्स शुरू करने की मंजूरी दी है। यहां नए सत्र में दोनों कोर्स में एक-एक सीट पर एमबीबीएस डॉक्टरों को प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थियों की क्लास जिला अस्पताल के सीनियर डॉक्टर लेंगे। वहीं कोर्स करने वाले एमबीबीएस डॉक्टर अस्पताल में मरीजों को सेवा भी देंगे। बता दें कि एमबीबीएस डॉक्टर का सपना डिप्लोमेटिक नेशनल बोर्ड से मेडिसन या सर्जरी में डिग्री लेने का होता है। इस बोर्ड ने उत्तर प्रदेश सरकार से अनुबंध किया है। बोर्ड ने जिला अस्पताल के हड्डी रोग विभाग में एमएस और एमडी कोर्स शुरू करने की अनुमति दी है। यहां आगामी सत्र से क्लास शुरू होंगीं। कोर्स में प्रवेश लेने वाले एमबीबीएस डॉक्टर को जिला अस्पताल के सीनियर एमएस डॉ. गोकुल प्रसाद और सीनियर एमएस डॉ. एसपी राजपूत पढ़ाएंगे। विद्यार्थियों की परीक्षा डिप्लोमेटिक नेशनल बोर्ड कराएगा। कोर्स शुरू होने से अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी बिना किसी खर्च के पूरी हो जाएगी।

## सिर कूंचकर किशोरी की हत्या, अर्द्धनग्न मिला शव

**झांसी।** बबीना थाना इलाके के एक गांव में 16 वर्षीय किशोरी की सिर कूंचकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार सुबह उसकी लाश घर के पास झाड़ियों में पड़ी मिली। किशोरी बृहस्पतिवार शाम से घर से लापता थी। परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए थे। पुलिस के मुताबिक दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन जांच के लिए स्लाइड बनवाकर भेजी गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें बनाई गई हैं। पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। बबीना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली किशोरी बृहस्पतिवार शाम करीब छह बजे घर से निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं आई।

# बालश्रम और भिक्षा मांगने वाले बच्चों का पुनर्वास कराकर शिक्षा से जोड़ें

## अपराध निरोधक कमेटी की बैठक संपन्न

आवाज प्लस डेस्क



**बदायूं।** बिल्सी में जिला अपराध निरोधक कमेटी के विस्तार करने हेतु एक बैठक वयोवृद्ध समाजसेवी दिनेश चंद्र असावा की अध्यक्षता में आहुत की गई। बैठक का संचालन मीडिया प्रभारी मुहम्मद शमसुद्दीन शम्स ने किया। इस अवसर पर अपराध निरोधक कमेटी के जिला सचिव प्रोफेसर डॉ मनवीर सिंह ने कहा कि अपराध निरोधक कमेटी से जुड़कर समाजहित में शासन की योजनाओं के क्रियान्वन एवं प्रशासनिक कार्यों में सहयोग प्रदान करें।उन्होंने बिल्सी तहसील इकाई गठित करने की जिम्मेदारी समाजसेवी विपुल वार्ष्णेय को सौंपी। सह सचिव जमील खां ने कहा सभी स्कूल, कालेजों के आसपास कोई भी पान बीड़ी सिगरेट, गुटखा, तम्बाकू व नशे की दुकान नहीं होनी चाहिये।इसके लिए भी अपराध निरोधक कमेटी कार्य करेगी। नेत्रपाल सिंह सैलानी ने कहा कि शीघ्र ही अपराध निरोधक कमेटी की तहसील, नगरीय एवं ग्राम स्तर तक इकाइयां गठित की जाएंगी। मीडिया प्रभारी मुहम्मद शमसुद्दीन शम्स ने कहा कि अनिक कार्यकर्ता बालश्रम और भिक्षा मांगने वाले बच्चों का पुनर्वास कराकर शिक्षा से जोड़ें। इस अवसर पर डी. सी. असावा, प्रफुल्ल वार्ष्णेय, सलीम भाई, नीतीश माहेश्वरी, बबलू, मनोज वार्ष्णेय,मनोज गुप्ता, भुवनेश वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा से बताई सरकार की उपलब्धियां




नितिन यादव/आवाज प्लस

**हमीरपुर।** राठ विकसित भारत ग्रामीण संवाद संकल्प यात्रा के जरिये ग्राम उमन्नियाँ व सिकरौधा में ग्रामीणों को प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराकर उनकी समस्याओं का निस्तारण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को उनके मकानों के अधिकार का घरौनी व अन्य प्रमाण पत्र भी वितरित किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमरचंद अनुरागी ने बताया कि प्रदेश व केंद्र सरकार ने ग्रामीण आंचल में रहने वाले लोगों के उत्थान हेतु तमाम योजनाएं चलाई हैं। जिनकी जानकारी न हो पाने के कारण उन्हें इन योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसको लेकर सरकार ने विकसित भारत ग्रामीण संवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को जागरूक करने की मुहिम चलाई है। वही इस दौरान ग्रामीणों को उनके घरों की घरौनी का प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि पत्र आदि भी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम संयोजक महेंद्र गांधी, सहसंयोजक दीपू मुंशी, एडीओ समाज कल्याण मोहित कुमार, पूर्व प्रधान करण सिंह,प्रधान प्रतिनिधि जयहिंद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# 15 पाउच अवैध शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार , विधिक कार्यवाही

आवाज प्लस डेस्क

**कालपी (जालौन)।** अवैध तरीके से शराब को बेचने के लिए ले जा रहे आरोपीय युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कालपी कोतवाली के टरननगंज चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह दलबल सहित गश्त कर रहे थे, इसी दौरान नगर के रामचबूतरा में संदिग्ध हालत में अवैध शराब लेकर जा रहे आरोपीय युवक चंद्र प्रकाश पुत्र रामबाबू निवासी मोहल्ला मिर्जामंडी कालपी को पकड़ लिया। आरोपी युवक के पास से 15 पाउच शराब के बरामद करके आबकारी एक्ट के तहत चालान कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी युवक बेचने के लिए शराब लेकर जा रहा था तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया।

# अमर उजाला फाउंडेशन के बैनर तले सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज बदायूं में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया

आवाज प्लस डेस्क



**बदायूं।** आज जनपद बदायूं में अमर उजाला फाउंडेशन के बैनर तले सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज बदायूं में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूं को पटका पहनाकर स्वागत किया गया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर बदायूं मौजूद रहे । डॉ0 ओपी सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस का दायित्व है। विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया और विभिन्न मामलों में पुलिस की कार्रवाई के प्रति उनकी जिज्ञासा को शांत किया। साइबर अपराध से लेकर पॉक्सो एक्ट तक की जानकारी दी। जिस तरह सैनिक देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं, उसी तरह पुलिस पर देश की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी है। पुलिस का काम है कि समाज में किसी प्रकार का अपराध न हो सके। अगर कोई अपराध हो गया है तो जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर सजा दिलाई जाए। यहां उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि आखिर अपराध क्या होता है। जन सुनवाई पुलिस की कार्यवाही का महत्वपूर्ण अंग है। इसके माध्यम से पुलिस और जनता के बीच संवाद रहता है। एसएसपी महोदय द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि बदायूं पुलिस के ट्विटर एकांउट, इंस्टाग्राम पेज, फेसबुक पेज चल रहे हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत सोशल मीडिया के माध्यम से भी पुलिस से कर सकता है। जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा। एसएसपी बदायूं द्वारा विद्यार्थियों को 1090 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, डायल 112, पॉक्सो एक्ट, अच्छे-बुरे स्पर्श के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी

# जनपद में सड़क हादसो को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत आयोजित हुई गोष्ठी

नितिन यादव/आवाज प्लस डेस्क



**हमीरपुर।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत आयोजित गोष्ठी में लोगो को सुरक्षा के प्रति जागरूक करके हेलमेट वितरित किए गए। गोष्ठी को संबोधित करते हुए एआरटीओ प्रशासन आर पी सिंह व अभिताब राय की ओर से प्रत्येक व्यक्ति में जागरूकता लाने के निर्देश दिए गए हैं। एआरटीओ अभिताब राय ने बताया कि हादसों को कम करने के लिए सड़क सुरक्षा पखवाड़ा, जागरूकता गोष्ठी, चित्रकला आदि जिलों में आयोजित किए गए हैं। इसके द्वारा लोगों को सुरक्षित परिवहन के प्रति जागरूक किया गया है। सफर में सड़क सुरक्षा स्लोगन वाले क्रियेटिव को सड़क सुरक्षा पखवाड़े के समापन दिवस पर बताया कि एक दूसरे में जागरूकता फैलाने के लिए लोग अपने फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल नेटवर्किंग साइट पर हर सफर में सड़क सुरक्षा का स्लोगन लगाएं। जिससे लोग एक दूसरे से जागरूक हो सकें और वाहन चलाते समय सावधानियां बरतें। जिससे सड़क हादसे को कम किया जा सके। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने कहा की उनका उद्देश्य लोगो का जीवन सुरक्षित करना है। उन्होंने कहा की यह कार्य सेवा भाव से किया जा रहा है इसके पीछे कोई स्वार्थ नही इस दौरान उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमो का पालन करने के शपथ दिलवाई गोष्ठी में यातायात सी ओ घनश्याम सिंह यातायात प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार त्रिपाठी , ब्रजेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष आकाश दीप सिंह, रणबहादुर यादव आदि मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंच कर अवैध कब्जा वाली भूमि को मुक्त कराया



आवाज प्लस डेस्क

**कालपी(जालौन)।** जिला प्रशासन के निर्देश पर नायब तहसीलदार हरदीप सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम के द्वारा तहसील क्षेत्र के ग्राम बबीना के अलग-अलग स्थानों में सरकारी भूमि से अवैध कब्जों को हटाकर जमीन को मुक्त करा दिया गया है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से कई लोगों में हड़कंप मच गया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बबीना के ग्राम पंचायत के सामने स्थित पंचायत विभाग की जमीन में एक व्यक्ति के द्वारा अवैध तरीके से अस्थाई दुकान को स्थापित कर लिया गया था। ग्रामीणों के द्वारा इसकी शिकायत की गई थी। प्रशासन के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम कानूनगो, लेखपाल तथा राजस्व कर्मचारियों के साथ नायब तहसीलदार हरदीप सिंह मौके पर पहुंचे तथा राजस्व अधिकारियों की टीम ने अतिक्रमण को हटाकर जमीन को खाली कराया। इसी क्रम में ग्राम बबीना में सरकारी तालाब की जमीन पर एक व्यक्ति के द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा था। नायब तहसीलदार ने तालाब की जमीन से अतिक्रमण को हटवा दिया तथा चेतावनी दी की सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएंगे। अगर कोई भी व्यक्ति सरकारी भूमि पर कब्जा करता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# आज बड़े, छोटे भारी वाहनों की एंट्री अयोध्या में रहेंगे प्रतिबंधित

आवाज प्लस डेस्क




**अयोध्या।** अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम देखते हुए अयोध्या में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पीएम के आगमन से लेकर कार्यक्रम समाप्ति तक बड़े और छोटे व्यवसायिक वाहनों को बाराबंकी के रास्ते आगे रवाना किया जाएगा। इस दौरान लखनऊ से बाराबंकी होकर अयोध्या बाइक और कार सवार हल्के वाहन जा सकेंगे। हालांकि प्रधानमंत्री की जनसभा में जाने वाले वाहनों पर रोक नहीं रहेगी। डीसीपी ट्रैफिक ह्देश कुमार ने बताया कि 30 दिसंबर की सुबह 6:00 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक डायवर्जन लागू रहेगा। इसके तहत लखनऊ से बाराबंकी होकर बस्ती, संतकबीर नगर, गोरखपुर की तरफ जाने वाले वाहन अयोध्या होकर नहीं जा सकेंगे। ये वाहन बाराबंकी से गोंडा होते हुए गंतव्य जा सकेंगे। लखनऊ से अयोध्या हाईवे पर भारी वाहन भी प्रतिबंधित किए गए हैं। इनमें रोडवेज बसें, बड़े भारी वाहनों का डायवर्जन 29 दिसंबर की रात से 30 दिसंबर को कार्यक्रम की समाप्ति तक लागू रहेगा। सीतापुर रोड से बसें, बड़े भारी वाहनों का बाराबंकी और अयोध्या की ओर नहीं जाएंगे। ये वाहन भिठौली तिराहा, इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, टेढ़ीपुलिया चौराहा, कुर्सी रोड होते बेहटा चौराहा, किसान पथ होते सुल्तानपुर रोड से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे होते जा सकेंगे। कानपुर से आने वाली बसें, बड़े भारी वाहनो का बाराबंकी, अयोध्या की तरफ जाने पर रोक रहेगी। ये वाहन जुनाबगंज मोड़, मोहनलालगंज कस्बा तिराहा, गोसाईगंज कस्बा तिराहा सुल्तानपुर रोड से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे होते गंतव्य जा सकेंगे।

# अधिकारियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 दिसंबर को अयोध्या आगमन की मीडिया को दी जानकारी

संवाददाता



**अयोध्या।** अयोध्या में प्रधानमंत्री का आगमन 30 दिसम्बर को प्रस्तावित है इसका मुख्य कार्यक्रम जनसभा के सम्बोधन के साथ साथ अतर्राष्ट्रीय श्रीराम एयरपोर्ट एवं अयोध्या रेलवे स्टेशन का लोकार्पण के साथ धर्म पथ एवं राम पथ के टेढ़ीबाजार चैराहे तक रोड शो कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम को देखते हुये पूरे जनपद में ट्रैफिक प्लान लागू किया जायेगा, जो दिनांक 29 दिसम्बर मध्य रात्रि 1 बजे से 30 दिसम्बर 2023 को सायं 4 बजे तक लागू रहेगा तथा मा0 प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को आम जनमानस तक पहुंचाने तथा मीडिया कवरेज करने के लिए केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री के साथ दूरदर्शन और ए0एन0आई0 की टीम रहेगी जो सभी कार्यक्रमों का कवरेज करेगी, जिसमें मुख्य कार्यक्रम एयरपोर्ट एवं रेलवे स्टेशन का लोकार्पण, रोड शो एवं रैली है। रैली स्थल पर मीडिया को कवरेज करने के लिए मंच के सामने सुरक्षा मानकों का ध्यान में रखते हुये मीडिया गैलरी बनायी गयी है वहां से मीडिया कवरेज करेगी तथा रोड शो कार्यक्रम के लिए साकेत पेट्रोल पम्प के पास एवं तुलसी उद्यान में मीडिया को गैलरी बनाते हुए स्थान दिया गया है। इस रोड शो के स्थान में भी आंशिक परिवर्तन किया जा सकता है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर उप सूचना निदेशक अयोध्या/मीडिया सेन्टर लोकभवन डा0 मुरलीधर सिंह ने बताया कि सक्रिय मीडिया को कार्यक्रमों के लिए पास जारी किया गया है इसमें मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त दोनों श्रेणी के पत्रकार होंगे पर सक्रियता आवश्यक है, इसमें साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों के पास जारी नहीं किये जायेंगे। स्थानीय स्तर अयोध्या के पत्रकारों को ही स्थानीय स्तर पर पास जारी किये जायेंगे। लखनऊ या बाहर के पत्रकारों को मा0 सूचना निदेशक/अपर सूचना निदेशक द्वारा प्रेषित सूची के आधार पर पास जारी किया जायेगा। स्थानीय स्तर पर बाहर के किसी मीडिया का पास जारी नही किया जायेगा। क्योंकि हमारे पास प्रेस दीर्घा आदि में सीमित स्थान है तथा मा0 प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आदि के सुरक्षा मानकों एवं एस0पी0जी0 के निर्देशों का अनुपालन करते हुए पास जारी किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि मा0 प्रधानमंत्री के सभी कार्यक्रमों का दूरदर्शन, ए0एन0आई0 ही कवरेज करता है तथा पत्रकारों के पास मण्डलीय सूचना कार्यालय लालबाग फतेहगंज में 29 दिसम्बर 2023 को दोपहर 12 बजे से बनना शुरू हो जायेगा तथा यह कार्यक्रम समाप्ति तक जारी रहेगा। पत्रकारों को पास लेने के लिए अपने मान्यता कार्ड, अपने संस्थान का परिचय पत्र एवं आधार कार्ड, फोटो भी लाना होगा तथा जहां-जहां उनका पास जारी होगा वहां अपने पास परिचय पत्र एवं आधार कार्ड भी रखना होगा। हमारे अयोध्या के पत्रकार सभी कार्यक्रमों में सहयोग करते है इसमें भी सहयोग करेंगे तथा मण्डल एवं जिला प्रशासन पत्रकारों के सम्मान के लिए तत्पर है तथा उनके सम्मान में कमी नहीं आने दी जाएगी पर मा0 प्रधानमंत्री जी कार्यक्रम के लिए सीमित मात्रा में ही पास जारी किये जायेंगे। प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम रेलवे स्टेशन या हवाई अड्डा के अन्दर बाहरी कोई मीडिया नही रहेगी, केवल दूरदर्शन, एएनआई जो भारत सरकार से आयी है वही कवरेज करेगी क्योंकि प्रधानमंत्री के साथ केन्द्रीय मंत्रिगण एवं मुख्यमंत्री जी के अलावा मंत्री गण, सांसद स्थानीय प्रतिनिधि आदि रहेंगे।

# अयोध्या में 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने झोंकी ताकत

संवाददाता




**रुदौली अयोध्या।** अयोध्या में 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रस्तावित जनसभा को लेकर रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव से लोगों को जनसभा स्थल तक ले जाने के लिए जनसंपर्क किया जा रहा है। विधायक रामचंद्र यादव पार्टी पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कर अधिक से अधिक लोगों को जनसभा स्थल पर ले जाने की व्यवस्था में लगे हैं। तहसील परिसर पहुंचकर विधायक ने अधिवक्ताओं को भी आमांत्रित किया। पूर्व बार अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी के साथ बैठक कर अधिवक्ताओं से प्रधानमंत्री के विचारों को सुनने की अपील की। मवई, नेवरा, सैदपुर, पटरंगा, हाजीपुर सहित दो दर्जन से अधिक चौराहों व गांवों में जाकर कार्यकर्ताओं व लाभार्थियों को आमांत्रित किया गया। जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा किशोरी लाल भारती व जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा निर्मल शर्मा भी लगातार जनसंपर्क करने में जुटे हैं। मां कामाख्या नगर पंचायत के चेयरमैन शीतला शुक्ल व भाजपा नेता तेज तिवारी की अगुवाई में नगर पंचायत से 10 हजार लोगों को जनसभा स्थल पहुंचेंगे। जिला पंचायत सदस्य राम नेवल लोधी की अगुवाई में पांच हजार लोग जनसभा स्थल पर पहुंच कर प्रधानमंत्री के विचारों को सुनेंगे। नगर पालिका में सभासद कुलदीप सोनकर, रामराज लोधी, आशीष कैलाश वैश्य सहित अन्य सभासदों को अपने अपने वार्ड से पर्याप्त संख्या में लोगों को जनसभा स्थल पर पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## एक नज़र

### अयोध्या में अधिकारियो ने दिया प्रधानमंत्री के अयोध्या आगमन का परिचय पत्र

**अयोध्या।** अयोध्या में 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री जी के आगमन स्थल पर मण्डल के, जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मजिस्टेड्टों एवं पुलिस अधिकारियों तथा इस कार्य में लगाये गये समस्त विभाग के अधिकारियों की ब्रीफिंग की गयी तथा उनको डयुटी आदेश एवं परिचय पत्र भी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे प्रधानमंत्री जी के प्रस्तावित मार्ग, एयरपोर्ट से लेकर स्टेशन, धर्म पथ और राम पथ टेढ़ीबाजार तक तथा रेलवे स्टेशन तक के सभी ड्युटी को समझाया गया तथा सभी को मुस्तैदी से ड्युटी करने हेतु निर्देश दिये गये।

### अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 5 लोग ही रहेंगे मौजूद



**अयोध्या।** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में प्राण प्रतिष्ठा के समय 5 लोग गर्भगृह में मौजूद रहेंगे । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गर्भगृह में मौजूद रहेंगे । संघ प्रमुख मोहन भागवत गर्भगृह में मौजूद रहेंगे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्य आचार्य मौजूद रहेंगे । प्राण प्रतिष्ठा के समय पर्दा बंद रहेगा । मूर्ति की पट्टी हटते समय 5 लोग रहेंगे मौजूद । सबसे पहले भगवान राम को आईना दिखाया जाएगा । सबसे पहले रामलला अपना चेहरा देखेंगे । दलपूजा के लिए आचार्यो की 3 टीमें बनाई गई । पहले दल का नेतृत्व स्वामी गोविंद देव गिरि करेंगे । दूसरे दल का नेतृत्व शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती करेंगे । कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य हैं विजयेंद्र सरस्वती । तीसरी टीम में काशी के 21 विद्वान रखे गए है ।

### संस्कृत विभाग द्वारा संचालित अयोध्या संस्थान का बदला नाम




**अयोध्या।** अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के नाम से जाना जाएगा अयोध्या शोध संस्थान । बताया जाता है कि 18 अगस्त 1986 में स्थापित हुआ था अयोध्या शोध संस्थान । श्री राम साहित्य और धर्म दर्शन पर बनाया गया ग्रंथालय । संग्रालय में रखी गई है थाईलैंड, इंडोनेशिया, सूरीनाम, श्री लंका और भारत के विभिन्न परंपराओं के शिल्प सामग्री । संस्कृत विभाग के निदेशक लवकुश द्विवेदी ने कहा कि रामायण की परंपराओं की जडें है वैदिक सनातन संस्कृति । उन्होने कहा किदुनिया में जितनी तरीके से रामायण लिखीं है उस पर शोध किया जाएगा ।

### अयोध्या में चौदह कोसी परिक्रमा के अंदर की बंद होगी शराब की सभी दुकानें



**अयोध्या।** अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा के अंदर की सभी शराब की दुकाने बन्द करने की घोषणा विभागीय मंत्री ने किया है । बताया जाता है कि 14 कोसी परिक्रमा मद्य निषेध क्षेत्र घोषित होगा । अयोध्या दौरे पर पहुंचे आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि 14 कोसी क्षेत्र को मद्य निषेध घोषित किया गया है ।

### पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने तेज़ किया तैयारी



**अयोध्या।** प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर सक्रिय हुए भाजपा विधायक रहे खब्बू तिवारी । उन्होंने गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के मया मंडल, गोसाईगंज मंडल, तारुन मंडल व हैदरगंज मंडल में तूफानी दौरा करते हुए जगह-जगह बैठक किया । इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री तिवारी प्रधानमंत्री की जनसभा में भीड़ जुटाने के लिए जगह जगह बैठक कर रहे हैं । उन्होंने चार पहिया वाहनों से लोगों को लाने के लिए सभी मंडलों के जिम्मेदार व्यक्तियों को जिम्मेदारी दिया । संगठन से समन्वय बनाकर खब्बू तिवारी ने गोसाईगंज क्षेत्र का तूफानी दौरा किया और 30 दिसंबर को अयोध्या आ रहे प्रधानमंत्री की जनसभा में अधिकाधिक संख्या में लोगो के शामिल होने के लिए अपील किया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 दिसंबर को अयोध्या आगमन पर हाई अलर्ट पर रहेगी अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 30 दिसंबर को अयोध्या आगमन पर अयोध्या में होंगे सुरक्षा के सख्त इंतजाम।एनएसजी के अलावा एसटीएफ, एटीएस के कमांडो भी होंगे तैनात । बताया जाता है कि इस दौरान तीन डीआईजी, 17 एसपी, 38 एडिशनल एसपी ,82 डिप्टी एसपी ,90 इंस्पेक्टर ,325 सब इंस्पेक्टर ,35 महिला सब इंस्पेक्टर ,2000 कांस्टेबल ,14 कंपनी पीएसी ,6 कंपनी सीआरपीएफ रहेंगी तैनात।

# प्रधानमंत्री के 30 दिसंबर को अयोध्या आगमन की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी

संवाददाता



**अयोध्या।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का अनवरत चालू है स्वच्छता अभियान । वे अयोध्या रामनगरी की सड़कों पर लगा रहे हैं झाड़ू और नाली की साफ सफाई करवा रहे है । रविदास मंदिर के आसपास उपमुख्यमंत्री ने लगाई झाड़ू किया नालियों की सफाई । अयोध्या के संत महंत के साथ-साथ भाजपा के कार्यकर्ता भी सफाई अभियान में है शामिल । स्वच्छ अयोध्या सुंदर अयोध्या की तस्वीर दिखाने के लिए अयोध्या में खुद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संभाल रखा है मोर्चा । पिछले कई दिनों से अयोध्या में रहकर प्रधानमंत्री के अयोध्या दौरे को लेकर तैयारी में है जुटे । उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रामनगरी की सड़कों पर श्रमदान किया । अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो व जनसभा के लिए प्रचार रथ रवाना हुआ । इस रथ को उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने सर्किट हाउस से प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी । जनपद में प्रचार वाहन प्रधानमंत्री के रोड शो व जनसभा में शामिल होने के लिए लोगों को करेगा अपील । उन्होंने बताया कि 30 दिसंबर को एयरपोर्ट से एनएच 27 लता चौक होते हुए धर्म पथ राम पथ से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन तक निकलेगा रोड शो, झंडी दिखाने के दौरान अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता भी मौजूद रहे । स्वच्छता के कार्यक्रम मे धर्मनगरी अयोध्या के ऐतिहासिक मंदिर संत गुरु रविदास मंदिर हनुमान कुंड में संत गुरु रविदास तथागत बुद्ध संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद गुरु रविदास मंदिर के महंत बनवारी पति ब्रह्मचारी व उप महंत अवधेश दास की अध्यक्षता में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अयोध्या के मेयर महंत गिरीशपति त्रिपाठी रामचंदर समाजसेवी धोबी मंदिर के महंत छतररदास पासी मंदिर के महंत स्वामी दास विधायक रामचंद्र यादव के साथ स्थानीय पदाधिकारी गण के साथ स्वच्छता के कार्यक्रम में साफ सफाई किया ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का कमरे में लटका मिला शव



संवाददाता

**निंदूरा बाराबंकी।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक बड्डूपुर बड़ागांव गांव निवासी सुरेश प्रकाश के 19 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार का शव गुरुवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में छत के कुंडे से लटका हुआ मिला। शव के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई वीरेंद्र कुमार ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दीजिए है। परिजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# अयोध्या में कांग्रेस पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस

संवाददाता




**अयोध्या।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस समारोह कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यालय कमला भवन पर महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने पार्टी का झंडा फहरा या तथा वरिष्ठ कांग्रेसी द्वारिका पांडे तथा विकल जी को शॉल और माला पहनकर सम्मानित किया।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का गौरवशाली इतिहास रहा है । स्वाधीनता प्राप्त करने के पूर्व जहां कांग्रेस पार्टी ने अंग्रेजों के खिलाफ स्वाधीनता प्राप्त करने हेतु लड़ाई लड़ी ,वही आजादी के बाद संविधान निर्माण से लेकर देश के विकास हेतु प्रत्येक क्षेत्र के निर्माण के लिए कांग्रेस के नेताओं ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि देश की सत्ता इस समय ऐसी विचारधारा वाले लोगों के हाथ में है जिनका भारत की आजादी में कोई योगदान नहीं रहा। आज सत्तारूढ़ दल इस देश के संविधान को बदलने का प्रयास कर रहा है जिसका कांग्रेस पार्टी संसद से लेकर सड़क तक विरोध करेगी।जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा पार्टी का स्थापना का मुख्य उद्देश्य समाज में अंग्रेजों द्वारा फैलाई जा रही नफरत को खत्म करके आपसी सौहार्द को बढ़ाना था। कांग्रेस पार्टी को अपने गौरवशाली इतिहास पर गर्व है और हम अपने पूर्वजों द्वारा बताए गए सांप्रदायिक सद्भाव के रास्ते पर अडिग होकर चलते रहेंगे।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूरे जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्षसेवादल शीतल पाठक, कविंद्र साहनी, सुरेंद्र प्रताप सिंह सैनिक ,प्रवीण श्रीवास्तव ,उमेश उपाध्याय, चंचल सोनकर, प्रेम पांडे ,रामेंद्र त्रिपाठी, हनुमान मिश्रा, अरुण साहू ,महिला कांग्रेस की नगर अध्यक्ष सविता यादव आदि उपस्थित रहे ।

# आज के युवा ही देश के भविष्य- केंद्रीय कृषि एवम् किसान कल्याण मंत्री शोभा करंदलाजे

❖ कृषि विवि में केंद्रीय कृषि एवम् किसान कल्याण मंत्री शोभा करंदलाजे ने विद्यार्थियों से किया संवाद ।

संवाददाता




**कुमारगंज अयोध्या ।** आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शोभा करंदलाजे पहुंची। नरेंद्र उद्यान पहुंचकर मंत्री ने आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके बाद उन्होंने पौधारोपण भी किए। इस दौरान उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण कर विकास कार्यो को परखा। विश्वविद्यालय के पर्यावरण को देखकर उन्होंने प्रसन्नता जताई।वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्री ने विश्वविद्यालय की हाईटेक हाल में चल रहे ÷बागवानी फसलों की गुणवत्तापूर्ण रोपण व सामग्री का उत्पादन÷ विषय पर दो दिनी कार्यशाला की भी हिस्सा बनीं। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद सभी छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया। मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि आज के युवा ही कल के भविष्य हैं इसलिए इनको कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के लिए अपार संभावनाएं हैं, इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विद्यार्थी बहुत कुछ कर सकते हैं। कृषि के क्षेत्र में आज हमारा देश तेजी के साथ विकास की ओर अग्रसर है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि शिक्षा के प्रति पहले की अपेक्षा महिलाओं का भी लगाव तेजी के साथ बढ़ा है। इस मौके पर केंद्रीय कृषि एवम् किसान कल्याण मंत्री के साथ कृषि विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता,

# अवध विवि में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का होगा आयोजन

## अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में पर्यावरण और समाज जैसे विषय पर होगा वैश्विक विमर्श

संवाददाता



**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 29 और 30 दिसंबर को परिसर के संत कबीर सभागार में होगा। इस कांफ्रेंस में 350 से अधिक देश-विदेश के पर्यावरणविद् एवं वैज्ञानिक शामिल रहेंगे। कांफ्रेंस में पर्यावरण एवं समाज विषय पर पांचवी अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस गेसा द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन के नवीन प्रयोग के महत्वपूर्ण बिन्दुओं सहित जलवायु में तेजी से बढ़ रहे तापक्रम, कार्बन उत्सर्जन जैसे प्रमुख विषयों पर देश-विदेश के वैज्ञानिकों द्वारा एक मंच पर वैश्विक विमर्श किया जायेगा।इस अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो0 अशोक कुमार वर्मा सदस्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं प्रो0 एच0एस0 सिंह, कुलपति मां शाकंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर तथा प्रो0 मधु कृष्णन चीफ रेक्टर द अमेरिकन विश्वविद्यालय अमेरिका होगें। अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस के सचिव डॉ0 विनोद चौधरी ने बताया कि कान्फ्रेंस के उद्घाटन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन माइक्रोबायोलॉजी गैलरी में किया जायेगा। इसके अतिरिक्त तकनीकी सत्र का आयोजन फिजिक्स एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग एवं सी0आई0एफ0 भवन में होगा। इसके अलावा ऑनलाइन तकनीकी सत्र भी सी0आई0एफ0 भवन से आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 30 दिसंबर को कक्षा 9 से स्नातक स्तर के छात्रों की निःशुल्क पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। यह प्रतियोगिता प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा प्रसार विभाग में कराई जायेगी। इसमें 120 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इसी क्रम में मॉडल प्रतियोगिता बायोटेक्नोलॉजी विभाग में आयोजित होगी। इसमें 27 ग्रुप ने प्रतिभाग करने के लिए पंजीयन किया है। डॉ0 चौधरी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस के सचिव डॉ0 विनोद चौधरी ने बताया की इस आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में 350 से अधिक प्रतिभागी पंजीयन कराकर अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

# राजकीय इंटर कालेज ने जीती टेनिस बाल प्रतियोगिता



संवाददाता

**बाराबंकी।** नगर के के डी सिंह बाबू स्टेडियम में जिला बाराबंकी टेनिस बॉल स्कूल अंडर 19 ब्वॉयज़ प्रतियोगिता के फाइनल में राजकीय इंटर कालेज ने एस डी कालेज को 32 रन से हराकर चैंपियनशिप जीती। गुरुवार को आयोजित फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजकीय इंटर कालेज ने 10 ओवर 2 विकेट खोकर 86 रन बनाए। करन सिंह ने सबसे ज्यादा 33 रन और ओम वीर यादव ने 22 रन बनाए वहीं विपिन ने एक विकेट लिए 2 ओवर में 26 रन देकर एस डी कालेज केवल मात्र 52 रन ही बना सकी। ओम वीर ने 3 ओवर 15 रन दे के 3 विकेट ओर कामिल ने 3 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट लिए। पुरुस्कार वितरण जिला टेनिस बाल एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल रहमान लल्लू, उपाध्यक्ष मोहसिन मतीन और सचिव धनंजय शर्मा, निर्वाचन आयोग द्वारा नामित पूर्व यूथ आइकन बाराबंकी असद साजिद ने किया इस दौरान मुख्य रूप से तारिक किदवाई, रिजवान, अकरम, फ़राज़, शकिल खान, नमम्, अजीज अहमद अज्जू, तारिक जिलानी, तस्लीम, अब्दुल, चंदन अस्थाना, वरिष्ठ हाकी खिलाड़ी चंदा रानी सहित तमाम खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# डीएम ने जलकल विभाग के अधिकारियों को लगाई फटकार

❖ लोहा मंडी क्षेत्र में पाइप लाइन डालकर 04 माह से नही की है सड़क रीस्टोर,02 दिन में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश
❖ जिलाधिकारी ने कमलानगर क्षेत्र में प्रातः ग्रीन गैस लाइन में आपूर्ति न देने तथा बिना पूर्व सू।

संवाददाता



**आगरा।** जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति तथा वाणिज्य बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।बैठक में सर्व प्रथम हाथरस रोड पर रामबाग से टेढ़ी बगिया तक इंटरलॉकिंग का कार्य पूर्ण कराये जाने की मॉग विषयक प्रस्ताव पर विचार किया गया अभी तक प्रभावी कार्यवाही न होने पर एनएचएआई के उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है। बैठक में,औद्योगिक क्षेत्र-फाउण्ड्री नगर,आगरा में प्रकाश व्यवस्था,सड़क निर्माण साफ-सफाई विषयक बिंदु पर विचार किया गया, जिसमें बताया गया कि कार्य प्रगति पर है,बैठक में औद्योगिक क्षेत्र-सिकन्दरा,साइट-ए व बी की सड़कों का निर्माण की मॉग विषयक प्रस्ताव पर बताया गया कि नगर निगम द्वारा कार्य संपादित कराया जा रहा है, शीघ्र कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा। तत्पश्चात जिला स्तरीय वाणिज्य बंधु की बैठक आहूत की गई, बैठक में बेलनगंज लोहे के पुल पर लाइटिंग व्यवस्था सुचारू न होने के प्रस्ताव पर बताया गया कि नगर निगम द्वारा रेलवे से एनओसी हेतु पत्र प्रेषित किया गया है, लुहार गली से मनकामेश्वर मंदिर की ओर रोड के मरम्मत कार्य के पूर्व प्रस्ताव पर कार्य संपन्न होने पर प्रकरण समाप्त किया गया। बेलनगंज बाजार में शौचालय तथा अतिक्रमण की समस्या पर नगर निगम द्वारा सुलभ शौचालय बनाए जाने तथा अतिक्रमण के विरुद्ध पुलिस व नगर निगम द्वारा अभियान चलाने के निर्देश दिए। नामनेर चौराहे पर डिवाइडर हटाने के प्रस्ताव पर यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि डिवाइडर हटाए जाने से समस्या समाधान नही होगा की रिपोर्ट दी गई। बैठक में खतैना रोड लोहा मंडी थाने के बगल से जलकाल विभाग द्वारा पाइप लाइन डालकर 04 माह से सड़क रीस्टोर न करने पर जिलाधिकारी ने जलकल विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई तथा 02 दिन में सड़क रीस्टोर करने के कड़े निर्देश दिए तथा अपर नगरायुक्त को कार्य पूर्ण हुआ है या नही रिपोर्ट देने के जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक में बताया गया कि जीएसटी ऑफिस में लाए गए ट्रकों को जीएसटी विभाग द्वारा रोड पर खड़ा करा दिया जाता है की शिकायत पर जिलाधिकारी ने ट्रकों को रोड से हटाए जाने को निर्देशित किया गया लेकिन जीएसटी विभाग द्वारा संतोषजनक जवाब न देने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई तथा रास्ते में ट्रकों को खड़े करने बालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में कमलानगर क्षेत्र के ब्लॉक ए. सुबह के समय में ग्रीन गैस लाइन में आपूर्ति न देने तथा बिना पूर्व सूचना के आपूर्ति रोक देने से हो रही असुविधा पर ग्रीन गैस आपूर्ति एजेंसी जीजीएल के अधिकारियों को तलब किया तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर नगरायुक्त विनोद कुमार,संयुक्त आयुक्त उद्योग, अनुज कुमार, एसीपी ताज सुरक्षा अरीब अहमद , व्यापार मंडल अध्यक्ष टीएन अग्रवाल, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# 18 से 20 जनवरी के बीच कराई जाएगी 10 खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं

❖ बिना पंजीकरण के जनपद में चल रहे स्विमिंग पूल का कराना होगा पंजीकरण।

संवाददाता

**आगरा।** सिटी मजिस्ट्रेट आनंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि खेल निदेशालय द्वारा मंडलीय तथा जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का के आयोजन के निर्देश प्राप्त हुए हैं जिसमें 10 खेलों का आयोजन कराया जाना प्रस्तावित है, जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के बाद चयनित टीमों को मंडलीय खेल प्रतियोगिता में मौका दिया जाएगा, बैठक में 18 से 20 जनवरी के बीच जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन पर सहमति व्यक्त की गई। गौरतलब है कि मंडलीय खेल प्रतियोगिता हेतु मंडलायुक्त महोदया द्वारा पूर्व 4में ही422 से 24 जनवरी तिथि निर्धारित कि गई है।

बैठक में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के समक्ष विभिन्न प्रस्ताव अनुमोदन हेतु रखे गए यथा जनपद के 20 विभिन्न खेलों के उदयीमान खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु 10 हजार रुपया प्रति खिलाड़ी दिया जाना प्रस्तावित है जिसमें चयनित खिलाड़ी को इक्यूपमेंट, ड्रेस, खेल किट, पोषक आहार हेतु लेना है, समिति द्वारा इस निर्देश के साथ कि सभी खेलों के खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व हो प्रस्ताव अनुमोदित किया गया, बैठक में एकलव्य स्टेडियम में शूटिंग रेंज में विद्युत व्यवस्था हेतु लाइटें लगाए जाने हेतु 35 हजार रुपए, क्रिकेट खेल प्रशिक्षार्थियों के अभ्यास हेतु 15 नग क्रिकेट नेट, लगभग 01 लाख 83 हजार के क्रय किया जाना, हॉकी खेल के खिलाड़ियों के अभ्यास हेतु गोलकीपर किट रुपया 25 हजार से क्रय किया जाना,25 हजार से खिलाड़ियों हेतु जिम का सामान खरीद,पेयजल हेतु 03 आरओ प्लांट की मरम्मत एवं सफाई व्यय लागत 90 हजार आदि के प्रस्ताव अनुमोदन हेतु रखे गए जिन्हें समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया। बैठक में जनपद में संचालित सभी निजी व होटल में बने स्विमिंग पूल/तरणताल के पंजीकरण कराए जाने तथा पंजीकरण शुल्क रुपया 15 हजार प्रतिवर्ष समिति के खाते में जमा कराए जाने हेतु सभी को पत्र जारी करने का प्रस्ताव रखा गया, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि उक्त पंजीकरण प्रक्रिया का अनुपालन कुछ ही तरणताल स्वामियों द्वारा किया गया है, समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव भी बैठक में अनुमोदित किया गया। बैठक में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी सुनील चंद्र जोशी, पूर्व ओलंपियन जगवीर सिंह, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हेमलता काला, अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ डॉ. हरी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार अपर नगर आयुक्त सुरेन्द्र यादव सहित संबंधित समिति के सदस्य व पदाधिकारीगण मौजूद थे

## एक नज़र

### नववर्ष 2024 का आगमन केतु नक्षत्र में होगा

भारत की ध्वजा सम्पूर्ण विश्व में लहरायेगी- एस्ट्रोलॉजर पं प्रमोद गौतम

**आगरा।** वैदिक सूत्रम चेयरमैन भारत के नास्त्रेदमस के नाम से सम्पूर्ण विश्व में विख्यात एस्ट्रोलॉजर पंडित प्रमोद गौतम ने नववर्ष 2024 के के मुख्य रहस्यमयी तथ्यों के सन्दर्भ में बताया कि अंग्रेजी नववर्ष 2024 का आगमन अध्यात्म के कारक केतु के मघा नक्षत्र में हो रहा है। वर्ष 2024 आध्यात्मिक पथ पर समर्पित भाव से चलने वालों के लिए योगकारक वर्ष होगा, जबकि छल कपट पूर्ण विचारधारा से युक्त व्यक्तियों के लिए अत्यंत पीड़ादायक वर्ष होगा। पंडित गौतम ने बताया वर्ष 2024 में केतु के प्रभाव के कारण भारत की ध्वजा सम्पूर्ण विश्व में लहरायेगी और भारत विश्व गुरु बनने की तरफ अग्रसर होने लगेगा। एस्ट्रोलॉजर पं प्रमोद गौतम ने बताया कि वैदिक हिन्दू ज्योतिष में, भगवान विष्णु का मत्स्य रूप केतु के साथ जुड़ा हुआ है। वैदिक हिन्दू ज्योतिष में केतु अंतर्ज्ञान व मुक्ति का ग्रह है, और जिस जल में संसार डूबने वाला था वह भ्रान्ति थी। भगवान ब्रह्मा की रात्रि होते ही संसार में चारों ओर अंधकार छा जाता है और तब भगवान विष्णु की वाणी ही प्रकाश बन मनुष्य को उस अंधकार में डूबने से बचा सकती है। वैदिक सूत्रम चेयरमैन पंडित गौतम ने बताया कि केतु मछली के सामान हमारी चेतना में तैरने वाली एक सहज ऊर्जा है, किन्तु ये पूरी तरह से जलमग्न है और यही कारण है कि हम अपनी आध्यात्मिक प्रगति पर अधिक ध्यान नहीं दे पाते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को आध्यात्मिक उन्नति के लिए सलाह दी जाती है कि वह अपने मन की आवाज पर ध्यान केंद्रित करें और उसे सुनने की कोशिश करें। अध्यात्म का कारक केतु बिना सर वाला एक छाया ग्रह है जिसके धड़ में ही हृदय स्थित है। भगवान विष्णु की आवाज हृदय ग्रंथि से प्रकट होती है यही कारण है कि सिर की आवश्यकता नहीं होती है। केतु व्यक्ति के कर्म चक्र के आरंभ और अंत का प्रतीक है। यह आध्यात्मिक और रचनात्मक ऊर्जा का भी प्रतिनिधित्व करता है, जिसकी सहायता से मनुष्य सांसारिक चक्र को तोड़ ब्रह्म के साथ जुड़ सकता है। एस्ट्रोलॉजर पंडित प्रमोद गौतम ने वर्ष 2024 में विभिन्न राशियों के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव के सन्दर्भ में सूक्ष्म रूप में बताते हुए हुए कहा कि वर्ष 2024 में 30 अप्रैल 2024 तक वृष, कन्या, वृशिक राशि के व्यक्तियों को महत्वपूर्ण निर्णय लेने के मामले में विशेष सावधानी बरतने की प्रबल आवश्यकता है।

# एआरटीओ प्रशासन ने दी आटो चालकों को नसीहत

❖ सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्त मनोरम बजाज ने किया सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान।
❖ आटो चालकों को निःशुल्क नेत्र परीक्षण, वाहन प्रदूषण जांच और ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन।

संवाददाता




**आगरा।** प्रतिबंध के स्थान पर समाधान तलाशने की आवश्यकता है। सार्वजनिक परिवहन के लिए आटो और ईरिक्शा सबसे सहज, सुलभ और सस्ते साधन हैं। इन पर प्रतिबंध के स्थान पर यातायात के नियमों के लिए जागरुक करने की आवश्यकता है। आटो चालकों की ओर से ये बात रखी मनोरम बजाज के एमडी राम मोहन कपूर ने। गुरुवार को बाईपास रोड स्थित मनोरम बजाज पर परिवाहन विभाग के सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एआरटीओ (प्रशासन) एनसी शर्मा ने आटो चालकों को नसीहत देते हुए कहा कि कुछ ही घटनाएं खराब मौसम या सड़क खराब होने के कारण होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा मानवीय भूल या लापरवाही के कारण हर वर्ष बढ़ता है। उन्होंने कोहरे में वाहन पर रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगाने की सलाह कर वाहन चालक को दी। कहा कि कोहरे में फाग लाइट का प्रयोग करें, सफेद पट्टी पर ही निर्धारित लेन में ही वाहन चलाएं, हैडलाइट को लो बीम पर रखें और समय - समय पर नेत्र परीक्षण अवश्य कराते रहें। जितना संभल कर चलेंगे उतना ही अपने और दूसरों के जीवन की रक्षा कर सकेंगे। उन्होंने दुर्घटना के आंकड़ों के बारे में बताया कि हर वर्ष करीब पांच लाख लोग वाहन दुर्घटना में गंभीर घायल होते हैं वहीं चार मिनट के अन्तराल पर एक मृत्यु हो जाती है। ये आंकड़ा डराता भी है और सतर्क भी करता है। वीडियो के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं के कारण के बारे बताया गया। इस अवसर पर एआरटीओ आलोक कुमार, पीटीओ शिवकुमार मिश्रा और अमित वर्मा, मनोरम बजाज के एमडी राम मोहन कपूर, सीईओ गौरव कपूर, मनोज, आटो यूनियन के अध्यक्ष अशफाक आदि

### दुर्घटना की जानकारी देने पर मिलेगा ईनाम

एआटीओ एनसी शर्मा ने कहा है कि सड़क दुर्घटना होने पर वीडियो बनाने के स्थान पर इसकी जानकारी प्रशासन या आरटीओ को जिससे घायल की मदद तत्काल हो सके । इसके के लिए जिलाधिकारी ने पांच हजार और मुख्यमंत्री ने एक लाख रुपये तक की पुरस्कार राशि प्राप्त कर सकते हैं।

# युगांतर थीम पर आयोजित हुआ रागेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

❖ 2022- 23 के आईसीएसई एवं आईएससी टॉपर्स संग मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित ।
❖ वार्षिकोत्सव के माध्यम से बच्चों ने जाना भारत का इतिहास, बोले बनाएंगे फिर से सोने की चिड़िया ।

संवाददाता

**आगरा।** ये युग देश के विकास का, विश्व पटल पर खोई पहचान को फिर एक बार बनाने का। जो युग स्वर्णिम कहलाता है, उसी युग को आधुनिक परिवेश में फिर दोहराने काज.यूं तो जो ये बात बार- बार दोहरा रहे थे उन्हें नौनिहाल कहा जाता है, देश का भविष्य कहा जाता है किंतु रागेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देश के आदर्श नागरिक की तरह इस बात को सत्य करने का बीड़ा उठाया। आवास विकास कॉलोनी स्थित रागेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। ÷युगांतर÷ थीम पर आयोजित वार्षिकोत्सव में देश के इतिहास, वर्तमान और भविष्य की झांकी का परिदृश्य बच्चों ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आरंभ गणेश वंदना और स्वागत गान से हुआ। मुख्य अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, विशिष्ट अतिथि मेयर हेमलता दिवाकर, मजिस्ट्रेट मुकेश प्रकाश शर्मा, स्कूल डायरेक्टर डॉ अलकशैंद्र स्वरूप, पार्षद गौरव शर्मा, रिनेश मित्तल, एसएचओ, सिकंदरा नीरज शर्मा, प्रतिभा जिंदल, डॉ नकुल गौतम ने दीप प्रज्जवलन किया। प्रधानाचार्य गुरलीन कौर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि भारत के वैभव और प्रतिभाओं के कारण ही इसे सोने की चिड़िया कहा जाता था। ब्रिटिश हुकूमत ने इसे भले ही दासता की जंजीरों में कैद किया लेकिन सभ्यता और संस्कृति को कैद नहीं कर सके। बच्चों को युगांतर का अर्थ समझाने का अर्थ उन्हें देशभक्ति और देश के विकास से पूर्णरूप से जोड़ना है। किंडरवर्ल्ड डांस के बाद बच्चों ने तीन युगों का परिदृश्य प्रस्तुत करते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। नृत्य नाटिका में बच्चों के भाव हर किसी को मंत्रमुग्ध कर रहे थे। एक ओर बच्चों की मधुर वाणी से देशभक्ति के गीत उपस्थितजनों को मोहित कर रहे थे तो वहीं विद्यालय बैंड ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य साम्राज्य और कथक नृत्य के माध्यम से देश के प्राचीन वैभव और रानी लक्ष्मीबाई नाटिका से देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की झलक प्रस्तुत की गयी। ब्रिटिश शासन को मामा मिया नृत्य से दृशाया गया। गांधी जी नाट्य मंचन, जलियावाला बाग कांड के बाद हर दर्शक उस वक्त जोश से भर उठा जब अर्जन वैली गीत पर स्वतंत्रता की लड़ाई से जुड़ा। विभाजन का दंश, देश रंगीला, वंदे मातरम, स्वरांजिल, हरित क्रांति, न्यूक्लियर क्रांति से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुए जी 20 की गौरव गाथा को मंचित किया गया। गुजराती और कश्मीरी नृत्य प्रस्तुतियों ने देश की विविधता को दिखाया। कार्यक्रम में 2022-2023 के दसवीं एवं बारहवीं आईसीएसई एवं आईएससी बोर्ड टॉपर्स और विषयवार शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कक्षा 1 से 12 तक के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को भी पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, विद्यालय के भूतपूर्व शिक्षक और छात्रगण उपस्थित रहे।

# पंजाब के ऊर्जा मंत्री जत्था के साथ आगरा पहुचे, गुरु के दरबार मे माथा टेका



संवाददाता

**आगरा।** पंजाब सरकार के ऊर्जा एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री हरभजन सिंह गुरुद्वारा गुरु का ताल पहुंचे ।इनके साथ पंजाब से 100 से अधिक यात्रियों का जत्था था जो देश भर के गुरुद्वारों के दर्शन को निकले हुए हैं। इससे पहले महाराष्ट्र के नांदेड़ स्थित हजूर साहिब से यात्रा कर लौटते हुए आगरा के गुरु तेग बहादुर साहिब के स्थान गुरुद्वारा पहुंचे ।तीर्थ यात्रियों के साथ उनका परिवार भी चल रहा है। गुरुद्वारा गुरु का ताल पहुंचने पर उन्होंने दरबार साहिब में माथा टेका व लंगर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान गुरुद्वारा गुरु का लाल के जत्थेदार बाबा अमरीक सिंह व ग्रंथि टीटू सिंह मौजूद थे ।शाम को आगरा के सिख समाज के साथ रूबरू हुए ।उपेंद्र सिंह लवली के निवास पर शहर की प्रमुख सिख संस्थाओं व प्रबुद्ध जनों से मुलाकात की और अमृतसर का दरबार साहिब में माथा टेकने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 वे शहीदी दिवस पर हो रहे कार्यक्रमों की जानकारी ली और हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

# आंखे हुई नम: थाना हरीपर्वत में ही हुआ जन्म और अंतिम सांस भी यहीं ली

❖ 14 साल के भूरा की एक्सीडेंट में मौत पर पूरा थाना गम में डूबा।

संवाददाता



**आगरा।** थाना हरीपर्वत में 14 साल से पूरी वफादारी से अपनी जिम्मेदारी निभा रहा था पहरेदार भूरा। सक्रियता ऐसी थी कि अपराधी उसके सामने आने से ही कांप उठते थे, लेकिन अब जब इस पहरेदार भूरा की मौत हुई तो पूरा थाना शोक में डूब गया है। थानेदार से लेकर हर कोई उदास है, यह पहरेदार था भूरा कुत्ता। 14 साल से थाना हरीपर्वत में रहता था। थाने में इसकी चहलकदमी हमेशा रहती थी। भूरा जानता था कि किस पर भौंकना है और किसे देखकर शांत रहना है। उसकी सक्रियता इतनी अधिक थी कि अपराधी उसे देखते ही कांपने लगते थे। गुरुवार को भूरा की मौत हुई तो पूरा थाना गम में डूब गया। पुलिसकर्मियों के अनुसार 14 साल पहले भूरा का जन्म थाना परिसर में ही हुआ था। पुलिसकर्मी उसे खाना खिलाते थे। वर्दी में आने वाले हर पुलिसकर्मी को देखते ही भूरा पैरों में लिपट जाता था। उसके इस व्यवहार से वह पुलिसकर्मियों को बहुत प्यारा था। उसका नाम भूरा रखा गया। बताया जाता है कि थाने के सामने चौराहे से निकलती एक तेज रफ्तार कार की चपेट में भूरा आ गया। घायल भूरा को अस्पताल लेकर गए लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। भूरा की मौत से थाने में हर सिपाही गम में डूब गया।

# डीएम के आदेश को स्कूल संचालको ने दिखाया ठेंगा - टीम पापा

निजी विद्यालयों के संचालको की मनमानियां, सख्त कार्यवाही की मांग मनोज शर्मा

संवाददाता

**आगरा।** प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ पेरेंट्स - टीम पापा के संस्थापक मनोज शर्मा ने डीएम के आदेश को ठेंगा दिखाने बाले स्कूल संचालको के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बताया है कि बल्केश्वर स्थित गणेशराम नागर विद्यालय सहित, नगर व ग्रामीण क्षेत्र में दर्जनों निजी विद्यालय संचालको ने जिलाधिकारी के सख्त आदेश के बाद भी स्कूल खुले हे जो अत्यंत ही खेदजनक है और इनकी तानाशाही व असंवेदनशीलता दर्शाती है। टीम पापा जिलाधिकारी का अविभावक व विद्यार्थी हित मे भीषण ठंड व बिगड़ते मौसम स्वतः संगायन लेकर सभी बोर्डो के कक्षा 1 से 12 तक को आगामी 30 दिसंबर तक का अवकाश का निर्णय लेने के लिये हार्दिक धन्यवाद करती है, टीम पापा मनमानी करने वाले विद्यालयों पर कार्यवाही का आदेश दिया।

### नालों की दीवारें जर्जर, कराएं मरम्मत

शहर में अशोक नगर, लोहामंडी, बैनारा फैक्टरी, खातीपाड़ा, नौबस्ता, राजनगर, पचकुइयां, बिजलीघर, गोविंद नगर समेत नाले खुले पड़े हैं, जिनमें लोगों के गिरने के हादसे हुए हैं। इन नालों की दीवारें टूट चुकी हैं, जिसमें साइट पटरी की सड़क का कटान होने से नालों में गिरने की आशंका है। पार्षद बंटी माहौर ने बताया कि निगम के पास नालों की दीवार बनवाने का बजट नहीं है। अधिकारी बजट की कमी बता देते हैं।

# श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पहले दिन श्रीमद्भागवत की महत्ता पर प्रकाश डाला गया

संवाददाता




**आगरा।** विनय नगर, बोदला के एक मैरिज होम में वैशाली नगर भक्तमण्डल के तत्वावधान में शुरू हुई। प्रातः बेला में भक्तो के साथ भागवत कथा ने कलश यात्रा शुरू की जो दुर्गा मंदिर रावत वैशाली नगर से कलश भरकर कथा मंच तक निकली गई । मंगल कलश यात्रा पर छतों से पुष्प वर्षा की गई इस दौरान ऐसा लग रहा था जैसे स्वर्ग से स्वयं देवी देवता कन्हिया की भागवत जी पर स्वयं पुष्प वर्षा कर रहे है। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के प्रथम दिन वृन्दावन की कथा व्यास पूज्या पं गरिमा किशोरी ने श्रीमद्भागवत कथा की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि बिनु परतीती होई नहीं प्रीति अर्थात माहात्म्य ज्ञान के बिना प्रेम चिरंजीव नहीं होता, अस्थायी हो जाता है। धुंधकारी चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मसात कर लें तो जीवन से सारी उलझने समाप्त हो जाएगी। द्रौपदी, कुन्ती महाभागवत नारी है। कुन्ती स्तुति को विस्तारपूर्वक समझाते हुए परीक्षित जन्म एंव शुकदेव आगमन की कथा सुनाई। पश्चात गौकर्ण की कथा सुनाई गई भगवान के चरणों में जितना समय बीत जाए उतना अच्छा है। इस संसार में एक-एक पल बहुत कीमती है। जो बीत गया सो बीत गया। इसलिए जीवन को व्यर्थ में बर्बाद नहीं करना चाहिए। भगवान द्वारा प्रदान किए गए जीवन को भगवान के साथ और भगवान के सत्संग में ही व्यतीत करना चाहिए।उन्होंने कहा कि भागवत प्रश्न से प्रारंभ होती है और कलयुग के प्राणी का कल्याण कैसे होगा। इसमें सतयुग, त्रेता और द्वापर युग की चर्चा ही नहीं की गई है। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि बार-बार यही चर्चा क्यों की जाती है, अन्य किसी की क्यों नहीं। इसके कई कारण हैं जैसे अल्प आयु, भाग्यहीन और रोगी। इसलिए इस संसार में जो भगवान का भजन न कर सके, वह सबसे बड़ा भाग्यहीन है। भगवान इस धरती पर बार-बार इसलिए आते हैं ताकि हम कलयुग में उनकी कथाओं में आनंद ले सकें और कथाओं के माध्यम से अपना चित्त शुद्ध कर सकें। व्यक्ति इस संसार से केवल अपना कर्म लेकर जाता है। इसलिए अच्छे कर्म करो। भाग्य, भक्ति, वैराग्य और मुक्ति पाने के लिए भगवत की कथा सुनो। इस पावन मौके पर परीक्षित नरेश शर्मा एवम उर्मिला शर्मा, दैनिक यजमान रानू मनोज तीर्थानि, पंडित योगेंद्र शर्मा, गौरव शर्मा, शुशील भारद्वाज,भूदेव चौधरी अमित शर्मा, विजय पमनानी, गुरुदासमल, अर्चना शर्मा, चांदनी भोजवानी, डॉ एस के वीरानी, देवानंद तीर्थानि, बेनीमाधव शर्मा, लक्ष्मण मूलचंदानी , उर्मिला शर्मा, सुशीला भारद्वाज,कनक, कन्हिया सोनी पाठक जी आदि लोग उपस्थित रहे। दिनांक श्रीमद् भागवत कथा कल दिनांक 29.12.2023 को द्वितीय दिवस की कथा मंगलम वाटिका बोदला रोड विनय नगर पर दोपहर 3ः00 बजे से शुरू

# 15 दिनों में पांच मौतें- कोहरे में खुला नाला बना जानलेवा

# खेत से घर लौट रहा किसान गिरा, ऐसे हाल में मिली लाश

संवाददाता



**आगरा।** फतेहपुरा गांव में खेत से लौट रहे किसान के लिए खुला नाला जानलेवा बन गया। उसे कुछ दिखाई नहीं दिया और वह नाले में गिर गया। काफी देर तक घर न आने पर परिवार के लोग तलाश में निकले तो किसान का शव नाले में मिला। हादसे के बाद परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आगरा के बाह थाना क्षेत्र के जैतपुर के फतेहपुरा गांव में रहने वाले किसान महेश सिंह (60) की बुधवार शाम सा बजे कोहरे के समय नाले में गिरकर मौत हो गई। वह खेत से घर लौट रहे थे। परिजन को रात में वह नाले में मृत पड़े मिले। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजन ने बताया कि महेश सिंह खेत पर फसल की रखवाली के लिए गए थे। अंधेरा होने तक घर नहीं लौटे तो तलाश शुरू की गई। रात साढ़े आठ बजे वह वह नाले में मृत मिले। जैतपुर सीएचसी लेकर गए, चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी सुभद्रा देवी, बेटे राजीव सिंह, गोपाल सिंह की रो-रोकर हालत खराब है। थानाध्यक्ष जैतपुर ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि कोहरे में नाले में गिरने से किसान की जान गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### 15 दिनों में पांच मौतें, कोहरा में खतरा ज्यादा

पंद्रह दिनों में नाले में गिरने से पांच लोगों की मौत हो चुकी है। आठ हादसों में छह लोग घायल भी हुए। धनौली में मुल्ला की प्याऊ पर दो बच्चियों की मौत के बाद यह सिलसिला शुरू हुआ, जो रुका नहीं है। शहर से देहात और हाईवे तक खुले पड़े नालों में लोगों के गिरने के कारण मौत हो रही है, लेकिन एक भी नाले को अब तक ढका नहीं गया। धनौली में जिस जगह हादसा हुआ, केवल वहीं स्लैब डाला गया, जबकि नेशनल हाईवे के कुबेरपुर, छलेसर तक नाले खुले पड़े हैं।

# दोस्त की शादी में दिखना है सबसे हैंडसम तो इस तरह से हों तैयार, देखता रह जाएगा हर कोई



नई दिल्ली। शादी का दिन हर दुल्हा-दुल्हन के लिए तो खास होता ही है, इसके अलावा इस दिन का इंतजार उनके दोस्तों को भी होता है। ऐसे में दुल्हा-दुल्हन के दोस्त भी शादी में जलवा बिखेरने के लिए काफी पहले से तैयारियां शुरू कर देते हैं। आपने शादियों का सीजन में हमेशा दुल्हन और दुल्हन की सहेलियों को सजते संवरते देखा होगा। पर, अब समय बदल गया है। आज के समय में दुल्हन की सहेलियों के साथ-साथ दुल्हे के दोस्त भी अपने यार की शादी के लिए काफी पहले से तैयार होते हैं। लड़कियों की तरह वो भी शादी में जाने से पहले अपने आउटफिट डिसाइड करते हैं। अगर आने वाले समय में आपके दोस्त की भी शादी होने वाली है और उसमें आप सबसे हॉट और हैंडसम दिखना चाहते हैं तो इसके लिए आपको कुछ बातों का खास ध्यान रखना पड़ेगा।

दरअसल, हैंडसम दिखने के लिए ये बेहद जरूरी है कि आप हल्का सा मेकअप करें और अपने आउटफिट के हिसाब से तैयार हों। आज इसी बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं।

**चेहरे को करें मॉइस्चराइज**

शादी के लिए तैयार होते वक्त सबसे पहले अपने चेहरे को मॉइस्चराइज करें। ऐसा करने से आपकी स्किन ग्लो करेगी। इसके बाद अगर आप हल्का सा मेकअप भी करेंगे तो वो काफी अच्छा लगेगा।



**लगाएं सही शेड का फाउंडेशन**

अपनी स्किन टोन के हिसाब से ही फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। अगर आप अलग शेड का फाउंडेशन लगाएंगे तो हो सकता है कि इससे आपका पूरा लुक ही बदल जाए।

**कर सकते हैं क्लीन शेव**

अगर आपकी दाढ़ी सही से नहीं आती है तो क्लीन शेव कराना ही बेहतर ऑप्शन है। क्लीन शेव करने के बाद चेहरे को अच्छे से साफ जरूर करें।

**आंखों पर करें हल्का मेकअप**

अगर आपके चेहरे पर डार्क सर्कल है तो उसे छुपाने के लिए फाउंडेशन और पाउडर का इस्तेमाल करें।



**सेट करें दाढ़ी**


अगर आपके चेहरे पर दाढ़ी की ग्रोथ काफी ज्यादा है तो इसे शादी के समय सेट जरूर करें। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपका लुक काफी अजीब दिखेगा।

# हाइड्रा फेशियल, जो बॉलीवुड अभिनेत्रियों को देता है निखरती त्वचा

**नई दिल्ली।** जब भी हम कोई फिल्म देखते हैं तो उसमें दिखने वाली अभिनेत्रियों को देखकर एक ही ख्याल मन में आता है कि बढ़ती उम्र में भी वो इतनी ज्यादा यंग और ग्लोइंग कैसे दिखती हैं। कई अभिनेत्रियां तो ऐसी भी हैं जो 50 की उम्र के करीब पहुंचने के बाद भी काफी स्टनिंग लगती हैं। आज हम इन्हीं के एक ऐसे ब्यूटी सीक्रेट के बारे में आपको बताने जा रहे हैं, जिसे फॉलो करके आप भी खूबसूरत दिख सकती हैं। दरअसल, स्किन की परेशानियों को ध्यान में रखकर कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट बनाए गए हैं। कई तरह के फेशियल भी स्किन को ग्लोइंग बनाने में मददगार होते हैं।



आज के समय की बात करें तो आज-कल हाइड्रा फेशियल काफी ट्रेंड में है। हाइड्रा फेशियल कराने से चेहरे की गंदगी आसानी से साफ हो जाती है। अगर आपकी स्किन में लंबे समय से कुछ न कुछ समस्या नजर आ रही है, तो आप डॉक्टर की सलाह पर इस फेशियल को अपना सकती हैं। आज के लेख में हम इसी बारे में आपको बताने जा रहे हैं कि आखिर हाइड्रा फेशियल है क्या ?



**➢ जानें या होता है हाइड्रा फेशियल?**

हाइड्रा फेशियल के नाम से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये स्किन को हाइड्रेट करने का काम करता है। इस फेशियल में एक ब्यूटी डिवाइस की मदद से चेहरे के डेड सेल्स निकाले जाते हैं। ये फेशियल ड्राई स्किन वालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। अगर आप हाइड्रा फेशियल कराने का सोच रही हैं तो पहले किसी डॉक्टर या अच्छी ब्यूटीशियन की सलाह जरूर लें।

**➢ कैसे किया जाता है हाइड्रा फेशियल ?**

हाइड्रा फेशियल कई चरणों में पूरा किया जाता है। इसमें सबसे पहले वैक्यूम बेस्ड पेनलैस एक्सट्रेक्शन, हाइड्रेशन, क्लीनिंग, एक्सफोलिएशन और पोषक तत्वों का एक मिश्रण तैयार किया जाता है, जिसको एक के बाद एक करके फेस पर अप्लाई किया जाता है। इसके लिए एक डिवाइस का भी इस्तेमाल किया जाता है। इस फेशियल को कराने के बाद आपके चेहरे पर तकरीबन एक हफ्ते तक ग्लो बना रहता है।



हाइड्रा

फेशियल

**इस उम्र के लोग करा सकते हैं**

वैसे तो यह फेशियल ट्रीटमेंट किसी भी उम्र में कराया जा सकता है लेकिन एक्सपर्ट मानते हैं कि आपको इसे 25 की उम्र के बाद करवाना चाहिए।

**जानें इसके फायदे**

- हाइड्रा फेशियल नए स्किन सेल्स को बढ़ाता है।
- इसको कराने से स्किन का कोलेजन प्रोडक्शन बढ़ता है।
- ये स्किन को टाइट और फर्म बनाता है।
- ये डार्क सर्कल्स की समस्या को लाइट करता है।
- रूखी और बेजान त्वचा को नमी प्रदान करता है।
- हाइड्रा फेशियल आपकी स्किन टेक्सचर में सुधार करता है।

# एथनिक ड्रेस के साथ कैरी करें ऑक्सीडाइज इयररिंग्स विद्या बालन के लुक से ले सकती हैं टिप्स

फैशन के इस दौर में हर कोई ट्रेंड के साथ चलना पसंद करता है। वहीं लड़कियां अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए कई तरह की एक्सेसरीज भी कैरी करती हैं। स्टाइलिश और यूनिक ऑक्सीडाइज सिल्वर इयररिंग्स से आप भी खुद को नया लुक दे सकती हैं। अपने लुक को स्टाइलिश और कंप्लीट करने के लिए लड़कियां कई तरह की एक्सेसरीज कैरी करती हैं। आउटफिट के साथ कैरी की जाने वाली एक्सेसरीज लड़कियों के लुक को कंप्लीट करती हैं। हालांकि इसकी आपकी पसंद भी काफी मैटर करती है। लेकिन अगर आप भी फैशन के साथ चलना चाहती हैं। तो बता दें कि आजकल ऑक्सीडाइज इयररिंग्स काफी ट्रेंड में चल रही हैं। कई बॉलीवुड एक्ट्रेस ऑक्सीडाइज इयररिंग्स पहनना पसंद करती हैं। इन्ही में से एक एक्ट्रेस विद्या बालन भी हैं। बता दें कि विद्या बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस में शुमार हैं। वह अपने एथनिक और वेस्टर्न दोनों आउटफिट्स के साथ ऑक्सीडाइज इयररिंग्स कैरी की जाती है। वहीं फैंस भी विद्या के हर लुक को बेहद पसंद करते हैं। एक्ट्रेस भी अक्सर अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। जिस पर फैंस काफी प्यार लुटाते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको विद्या बालन के पहने हुए कुछ स्टाइलिश और यूनिक ऑक्सीडाइज सिल्वर इयररिंग्स लुक के बार में बताने जा रहे हैं। ऐसे में विद्या के इस लुक से आप भी कुछ टिप्स ले सकती हैं। आज-कल ऑक्सीडाइज इयररिंग्स काफी ट्रेंड में चल रही हैं। आप भी अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस की तरह चांद बालियां पहन सकती हैं। एथनिक लुक के साथ ऑक्सीडाइज इयररिंग्स आपके लुक में चार चांद लगा देंगी।



**साड़ी के साथ करें कैरी**

ऑक्सीडाइज इयररिंग्स को आप साड़ी के साथ भी कैरी कर सकती हैं। यह इयररिंग्स साड़ी के साथ आपको परफेक्ट लुक देने का काम करेंगी।

**देखने में लगती हैं परफेक्ट**

अगर आप किसी फंक्शन के लिए हल्की साड़ी पहन रही हैं। इस लुक को कंप्लीट करने के लिए आप हैवी ऑक्सीडाइज इयररिंग्स पहन सकती हैं। लेकिन इयररिंग्स के अलावा गले में कोई ज्वेलरी न पहनें।

**झुमके**

इसके अलावा आप सिंपल साड़ी के साथ भी ऑक्सीडाइज इयररिंग्स पहन सकती हैं। एक्ट्रेस विद्या बालन ने सिंपल साड़ी के साथ यह इयररिंग्स कैरी किए हैं।

# ट्रेंडी और स्टाइलिश लगने के लिए चुनें ये फैब्रिक गर्मी में भी रहेंगे कूल एंड कंफर्टेबल

गर्मियों में हम सब ज्यादातर हल्के और आरामदायक कपड़े पहनते हैं। बता दें कि गर्मी के मौसम में आप अपने स्टाइल के साथ सबसे ज्यादा एक्सपेरिमेंट कर सकते हैं। जानिए कि किस तरह के फैब्रिक गर्मियों में आपको कूल और कंफर्टेबल लुक देंगे। जब भी गर्मियों में आरामदायक फैब्रिक्स की बात आती है, तो इस बात में कोई शक नहीं है कि सबसे पहला नाम कॉटन का होता है। लेकिन आपके वॉर्डरोब में शर्ट से लेकर कुर्ते, टॉप से लेकर बॉटम वेयर्स भी कॉटन में हो। ऐसा पॉसिबल नहीं है। क्योंकि कॉटन के कपड़ों को एक्सट्रा केयर की जरूरत होती है। साथ ही कॉटन फैब्रिक थोड़े महंगे भी होते हैं। हालांकि अपने स्टाइल के साथ सबसे ज्यादा एक्सपेरिमेंट गर्मी के मौसम में ही होते हैं। आइए जानते हैं कि गर्मी के मौसम में किस तरह के फैब्रिक आपको कूल और कंफर्टेबल लुक देंगे।

**कॉटन**

कॉटन फैब्रिक में सबसे अच्छी बात यह होती है कि ब्रीदेबल होते हैं। जिसका मतलब इसे पहनने के बाद आपको ऊबन महसूस नहीं होगी। क्योंकि गर्मियों में यह आपकी बॉडी को ठंडा रखता है। अन्य फैब्रिक के मुकाबले कॉटन पसीने को आसानी सोख लेता है। कॉटन आउटफिट्स ढेरों स्टाइल और कलर में अवेलेबल होती है। इस फैब्रिक को आप कॉलेज से लेकर ऑफिस, किटी पार्टी से लेकर डे आउटिंग या फिर नाइट पार्टीज में भी कैरी कर सकती हैं। हालांकि इनके साथ सिर्फ यही समस्या होती है कि इन कपड़ों को बिना ऑयरन के नहीं पहना जा सकता है। लेकिन कॉटन-पॉलिस्टर मिक्स आउटफिट्स में यह समस्या नहीं होती है। साथ ही लंबे समय तक पहनने के बाद भी इनमें से बदबू नहीं आती है। कॉटन कपड़ों पर लगे दाग-धब्बों पर लगे दाग भी आसानी से छूट जाते हैं।

**लिनन**

गर्मियों के लिए आरामदायक फैब्रिक्स की लिस्ट में दूसरे नंबर पर लिनन है। कॉटन की तरह ही यह भी हल्का और ब्रीदेबल होता है। लिनन भी पसीने और नमी को आसानी से सोख लेता है। बता दें कि रिंकल्स फैब्रिक की पहचान हल्के रिंकल्स है। यही इन्हें खास बनाते हैं। लेकिन लिनन फैब्रिक की सबसे अच्छी बात यह होती है कि इनको आप बिना ऑयरन के भी पहन सकते हैं। साथ ही यह आपको क्लासी लुक देने का काम करता है। इनमें बहुत ही सूदिंग कलर्स आते हैं, जो गर्मियों के लिए काफी बेस्ट होते हैं।

**रेयॉन**


सिल्क फैब्रिक का सस्ता और अच्छा वर्जन रेयॉन है। यह पतले रेशे से बना होता है। जिसके कारण यह काफी लाइटवेट भी होता है और गर्मियों में यह शरीर में चिपकता भी नहीं है। कंफर्टेबल और ब्रीदेबल होने की वजह से इसको स्पोर्ट्स वेयर से लेकर समर ड्रेसेज़ तक में वैरायटी देखी जा सकती है। हालांकि रेयॉन के कपड़ों को गर्म पानी से नहीं धुलना चाहिए। क्योंकि गर्म पानी से यह सिकुड़ जाता है। इसलिए इसको नॉर्मल पानी से ही धोना चाहिए।

**नायलॉन**

अधिकतर एक्टिव वेयर या एथलेक्टिस वेयर्स से बनाए जाते हैं। यह काफी लाइटवेट भी होते हैं। वहीं पसीने आदि से गीला होने पर यह जल्दी सूख भी जाता है। साथ ही नायलॉन स्ट्रेचबल भी होता है।

# बच्चे में दिखें डेंगू के ऐसे लक्षण, तो बचाव के लिए अपनाएं ये उपाय

नई दिल्ली। मानसून में डेंगू-मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में बैक्टीरियल और वायरल संक्रमण के साथ ही मच्छर जनित कई रोगों की शिकायत आने लगती है। डेंगू इनमें से एक गंभीर बीमारी है, जिसके कारण लगभग हर अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। डेंगू एक जानलेवा बीमारी बन सकती है। ऐसे में डेंगू से बचाव के साथ ही समय पर डेंगू के लक्षणों को पहचान कर इलाज की सलाह दी जाती है। वैसे तो डेंगू किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है लेकिन बच्चों में इस बीमारी का असर तेजी से होता है। डेंगू में प्लेटलेट्स लगातार कम होने लगते हैं, जिससे बीमारी जानलेवा बन जाती है। आमतौर पर डेंगू के लक्षण 2-7 दिनों तक रहते हैं। बच्चे अक्सर घर से बाहर खेलने निकलते हैं। पार्क आदि में घास में घूमते हैं। ऐसे में बच्चे आसानी से डेंगू की चपेट में आ सकते हैं। बच्चों में डेंगू के लक्षणों की पहचान करके समय पर इलाज कराया जा सकता है। जानिए बच्चों में डेंगू के लक्षण।



**बच्चों में डेंगू के लक्षण**

- बच्चों में डेंगू के लक्षण बड़ों की तुलना में हल्के होते हैं। शिशुओं और बच्चों में वायरल फ्लू की तरह ही डेंगू के लक्षण दिखाई देते हैं।
- बच्चों को बुखार आ सकता है, जो एक सप्ताह रह सकता है।
- डेंगू के कारण बच्चों में चिड़चिड़ापन, सुस्ती, मसूड़ों या नाक से खून आना, त्वचा पर चकत्ते पड़ना और एक दिन में तीन से अधिक बार उल्टी हो सकती है।
- डेंगू में बच्चों को थोड़ी थोड़ी देर पर तेज बुखार आ सकता है।
- बड़े बच्चों की आंखों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द और तेज सिर दर्द की शिकायत हो सकती है।

**डेंगू का इलाज**

- अगर आपके बच्चे को बुखार आता है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।
- डेंगू और चिकनगुनिया के लक्षण एक जैसे होते हैं, इसलिए डेंगू का पता लगाने के लिए ब्लड टेस्ट कराने की डॉक्टर सलाह दे सकते हैं।
- डेंगू के उपचार के लिए बुखार को कम करने के लिए डॉक्टर पेरासिटामोल दे सकते हैं या जोड़ों के दर्द से राहत पाने व बुखार कम करने के लिए कोई दवा दे सकते हैं।
- डेंगू में प्लेटलेट्स लेवल कम हो सकता है और ब्लीडिंग हो सकती है। ऐसे में बच्चों को किसी तरह की एंटी इंफ्लेमेटरी दवा या इबूप्रोफेन न दें।



**डेंगू से बचाव के उपाय**

- बच्चों को डेंगू से बचाने के लिए बारिश के मौसम में घर से बाहर न निकालें।
- मानसून में बच्चों को पूरी बाजू के कपड़े पहनाएं।
- घर की साफ सफाई रखें। मच्छर मारने वाली दवा का इस्तेमाल करें।
- शाम को खिड़की दरवाजे बंद रखें।
- घर में पानी जमा करके न रखें। उससे मच्छर आते हैं।

**नोट- यह लेख मेडिकल रिपोर्ट्स और स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सुझाव के आधार पर तैयार किया गया है।**

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र आवाज प्लस समाज में प्रभावी आगाज़

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक संजीव श्रीवास्तव द्वारा एफ एफ 01, बसंत बिहार कॉलोनी, दुबग्गा, लखनऊ- 226003 (उ0प्र0) भारत से मुद्रित व अमर उजाला पब्लिकेशन लिमिटेड, बी 5, अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक - संजीव श्रीवास्तव**

हिंदी दैनिक आवाज प्लस में प्रकाशित किसी भी प्रकाशित सामग्री से संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं। आवाज प्लस से संबंधित किसी भी प्रकार का विवादों का न्यायिक क्षेत्र सिर्फ लखनऊ न्यायालय की मान्य होगा।

**प्रबन्ध कार्यकारिणी**

सम्पादकीय प्रभारी - अमित त्यागी
प्रशासनिक प्रभारी - अभिषेक सिंह
कार्यकारिणी सम्पादक - सुदीप द्विवेदी
सह सम्पादक - अल्तमश खान
प्रबन्ध निदेशक - नितेश सिंह राठौर
विधि सलाहाकार - रोशन खत्री

**प्रशासनिक कार्यालय**

**आवाज प्लस मीडिया हाउस**

256 बी, एलडीए कॉलोनी कॉलोनी,
लखनऊ 226012 उत्तर प्रदेश (भारत)